प्रातःकालीन संस्करण
वर्ष- 14 अंक- 323
पृष्ठ-08 मूल्य- 2 रुपया

मंगलवार 29 अक्टूबर 2024
लखनऊ
विक्रम सम्वत् 2081

हिन्दी दैनिक
कानपुर, लखनऊ एवं नई दिल्ली से प्रकाशित

# खरी कसौटी


बुलंद आवाज सच्चाई के साथ
E-paper: www.kharikasauti.com
लखनऊ संस्करण
RNI NO. UPHIN/2010/35142

तापमान
अधिकतम 33°
न्यूनतम 22°

धन की बरसात हो संकटों का नाश
हो सुख और शांति का निवास हो!
आप सभी को
धनतेरस
की
हार्दिक शुभकामनाएं

स्वास्थ्य विभाग का दायित्व केवल... 03
राम मंदिर की प्रतीक्षारत अलौकिक... 04
गठबंधन से हर बार अखिलेश... 08

समाज सेवा में भी राजनीति उतर आई है। आपस में इतने झगड़े हैं कि सेवा तो रह नहीं गई है, सिर्फ पाखंड और प्रदर्शन है। युवा पीढ़ी की ये प्रतिक्रिया एक गंभीर चिंतन दे रही है। पुराने समाज सेवियों को सोचना चाहिए कि वे अपने आचरण से क्या आदर्श स्थापित कर रहे हैं।



सेंसेक्स
80,005
निफ्टी
24,367

## संक्षिप्त खबरें

### जम्मू-कश्मीर के अखनूर में 3 आतंकी हुए ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सोमवार को सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया। अफसरों ने बताया कि एक आतंकवादी की बॉडी मिल गई है। सुबह 7:26 बजे लाइन ऑफ कंट्रोल के पास भट्टल इलाके में इन आतंकियों ने आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी। हालांकि इसमें जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। आतंकी फायरिंग के बाद जंगल की ओर भाग गए थे। सेना ने इलाके को घेर कर सर्च ऑपरेशन चलाया। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया गया। सुरक्षाबलों ने बताया कि आतंकवादी भट्टल इलाके में जंगल से लगे शिव आसन मंदिर में एक मोबाइल ढूंढ रहे थे। उन्हें किसी को कॉल करनी थी। इसी दौरान आर्मी की एंबुलेंस गुजरी और आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि आतंकवादी पिछली रात बॉर्डर पार करके अखनूर में आए थे।

तीसरी आंख




विमान निर्माण प्लांट के उद्घाटन पर पीएम मोदी ने हाल में ही दिवंगत हुए रतन टाटा को किया याद, बोले- वो हमारे बीच होते तो बेहद खुश होते

### एयरबस असेंबली का भारत-स्पेन के पीएम ने किया उद्घाटन

# नए भारत की कार्य संस्कृति को दर्शाती है विमान फैक्ट्री: मोदी

विकास पथ

❒ जलवायु संकट, गरीबी और असमानता के खिलाफ भारत का प्रभाव और नेतृत्व आवश्यक: स्पेन पीएम पेड्रो सांचेज

बडोदरा, एजेंसी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज आज वडोदरा में हैं। सबसे पहले मोदी और सांचेज ने वडोदरा एयरपोर्ट से टाटा के प्लांट तक करीब पौने तीन किमी का रोड शो किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने सी-295 सैन्य विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरबस की असेंबली यूनिट का उद्घाटन किया।

इस मौके पर मोदी ने कहा कि हमने नए रास्ते पर चलना तय किया, नए लक्ष्य तय किए। इसका नतीजा सबके सामने है। पॉसिबिलिटी (संभावना) को प्रॉस्पैरिटी (समृद्धि) में बदलने के लिए सही प्लान और सही पार्टनरशिप का होना जरूरी है। इस कार्यक्रम में देश के 1500 कारोबारियों को भी आमंत्रित किया गया था। इसके बाद दोनों पीएम वडोदरा के लक्ष्मी विलास पैलेस पहुंचे, जहां पीएम मोदी ने स्पेन से आए डेलिगेशन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पीएम ने व्यापार संबंधी एमओयू पर साइन किए। पैलेस में हुई द्विपक्षीय बैठक में स्पेन के प्रधान मंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि जलवायु संकट, गरीबी और असमानता के खिलाफ लड़ाई के लिए सभी अंतरराष्ट्रीय लीडर्स के प्रयासों और राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। इन मुद्दों से निपटने के लिए भारत का प्रभाव और नेतृत्व आवश्यक है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी, हम अपने महान सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। सांचेज ने आगे कहा- भारत न केवल इंडो-पैसिफिक बल्कि व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भ में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। स्पेन लैटिन अमेरिका के साथ विशेषाधिकार प्राप्त संबंध बनाए रखता है, ऐतिहासिक संबंधों ने मध्य पूर्व, अफ्रीका में उपस्थिति बढ़ाई है और यह भू-राजनीतिक संरचना हमारे देशों को विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचने के कई अवसर प्रदान करती है।



मैं आपको हाल ही में प्रधानमंत्री के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देता हूं। भारत आना मेरे लिए और स्पेनिश प्रतिनिधिमंडल के लिए भी सम्मान की बात है। मुझे यकीन है, यह यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी और दुनिया भारत और स्पेन के विजन और प्रभाव का सम्मान करेगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि संस्कृति, पर्यटन समेत कई अन्य क्षेत्रों में हमारा सहयोग बढ़ता रहेगा। हमारे देश एक दूसरे के पूरक हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ की यह पहली भारत यात्रा है। नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में आपकी अनुपस्थिति हम सभी को महसूस हुई। आज सी-295 संयंत्र के उद्घाटन के साथ हमारी साझेदारी में एक अध्याय की शुरुआत हुई है। हमारी साझेदारी सदियों पुरानी है। लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास हमें एक साथ बांधता है।

हमारे बीच अर्थव्यवस्था, रक्षा, फार्मा, आईटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे कई क्षेत्रों में मजबूत सहयोग है और हम दोनों वैश्विक शांति, समृद्धि और सहयोग पर जोर देते हैं। लोगों से लोगों का संपर्क हमारे रिश्तों को एक मजबूत आधार प्रदान करता है। मोदी ने कहा कि अब यह पूरा क्षेत्र एविएशन मैन्यूफैक्चरिंग का बड़ा हब बनने जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने रतन टाटा को याद करते हुए कहा कि 'इस मौके पर अगर मैं रतन टाटा का जिक्र नहीं करूंगा तो इसका मतलब होगा कि मैं सही तरीके से जिम्मेदारी नहीं निभा पाया। करीब एक दशक पहले रतन टाटा ने ही इस प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। साल 2012 में टाटा संस के तत्कालीन चेयरमैन रतन टाटा ने एयरबस के साथ साझेदारी को मजबूत करने के ढांचे का निर्माण किया था और इसकी आधारशिला रखी थी। इस मौके पर मैं उनके दूरदर्शी नेतृत्व को याद कर रहा हूं, जिन्होंने इस महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट की शुरुआत की। यह न सिर्फ टाटा संस बल्कि भारत के लिए भी ऐतिहासिक पल है।'

### टाटा को याद कर बोले मोदी

रतन टाटा को याद कर ये बोले पीएम मोदी प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 'हाल ही में हमने देश के महान सपूत रतन टाटा जी को खो दिया। अगर आज वो हमारे बीच होते तो उन्हें खुशी होती, लेकिन उनकी आत्मा जहां भी होगी, वो खुश होगी। ये सी-295 विमान फैक्ट्री नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाती है। जब मैं गुजरात का सीएम था, तब वडोदरा में ट्रेन के कोच बनाने के लिए फैक्ट्री लगाने का फैसला लिया गया था। रिकॉर्ड समय में फैक्ट्री को उत्पादन के लिए तैयार भी कर दिया गया। आज हम उस फैक्ट्री में बने मेट्रो कोच दूसरे देशों को निर्यात कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि भविष्य में इस फैक्ट्री में बने विमान भी दूसरे देशों को निर्यात किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज भारत में रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम नई ऊंचाइयों को छू रहा है। अगर हमने 10 साल पहले ठोस कदम नहीं उठाए होते, तो आज इस स्तर तक पहुंचना असंभव होता। उस समय कोई सोच भी नहीं सकता था कि भारत में इतने बड़े पैमाने पर रक्षा विनिर्माण हो सकता है। लेकिन हमने नए रास्ते पर चलने का फैसला किया, अपने लिए एक नया लक्ष्य निर्धारित किया। और आज नतीजा हमारे सामने है। पीएम मोदी ने कहा कि आज देश में उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में दो बड़े रक्षा गलियारे बनाए जा रहे हैं।

हरियाणा में सीएम योगी

## विरासत और विकास के अद्भुत संगम से ही देश विकसित और बड़ी ताकत बनेगा: सीएम योगी



लखनऊ/कुरुक्षेत्र। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को यहां पेहोवा स्थित डेरा सिद्ध बाबा गरीबनाथ मठ में आयोजित आठमान, बत्तीस धुनी व शंखाढाल भण्डारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने यहां देशभर से पधारे संतों और भक्तजनों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को प्रयागराज महाकुंभ में आमंत्रित करते हुए कहा कि सनातन धर्म का ये सबसे बड़ा आयोजन पिछले सभी कुंभों से ज्यादा विराट और भव्य होगा।

योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में पधारे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई भी दी। योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणावासियों ने प्रदेश में डबल इंजन की सरकार को फिर से चुनकर भगवान श्रीकृष्ण के उद्घोष 'परित्राणाय साधुनाम, विनाशाय च दुष्कृताम' को सिद्ध करके दिखा दिया है। हरियाणा वालों ने दिखा दिया है कि जनता का जनार्दन रूप कैसा होता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सज्जन शक्ति का संरक्षण और दुर्जन शक्ति को रसातल में पहुंचाना ही परम कर्तव्य है। उन्होंने धर्म के दो हेतुओं अभ्युदय और निःश्रेयस की चर्चा करते हुए कहा कि अभ्युदय का पालन किये बिना निःश्रेयस की प्राप्ति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म का मतलब पलायन नहीं होता। किसी योगेश्वर ने पलायन का नाम धर्म नहीं कहा। केरल में जन्म लेने वाले संन्यासी आदि शंकराचार्य ने देश के चार कोनों में जनजागरण और शास्त्रार्थ के माध्यम से चार पीठों की स्थापना का कार्य किया। आज देश उसी रूप में हम सबके सामने हमें देखने को मिल रहा है। विरासत और विकास के अद्भुत संगम से ही 2047 में देश विकसित भारत और दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनेगा। उनके संरक्षण के लिए डबल इंजन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। विरासत का संरक्षण करके ही हम उज्ज्वल भविष्य की कामना को सार्थक कर पाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने दीपावली पर्व की हरियाणावासियों को शुभकामनाएं दीं।

### किसानों की जमीन को बता दिया था वक्फ की प्रॉपर्टी, अब यू-टर्न

विजयपुरा, एजेंसी। कर्नाटक के विजयपुरा जिले में किसानों की भूमि को वक्फ की संपत्ति के तौर पर चिन्हित करने के आरोप सामने आने के बाद बवाल मच गया। कर्नाटक में वक्फ भूमि को लेकर किसानों को जारी किए गए नोटिस अब वापस लिए जाएंगे। कर्नाटक के विजयपुरा में वक्फ बोर्ड पर भूमि की हेराफ़ेरी का आरोप सामने आया था। इसमें कहा गया था कि केवल 21 दिनों में 44 संपत्तियों का स्वामित्व हस्तांतरित करने के लिए जाली रिकॉर्ड शामिल हैं। इसके अलावा, वक्फ बोर्ड पर कर्नाटक में 1,00,000 एकड़ जमीन पर दावा करने का आरोप आया था। कर्नाटक के कानून और संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने कहा किगलती की जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की भूमि को वक्फ की संपत्ति में परिवर्तित करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है।

## जेपीसी: बिल पर बैठक में बातचीत कम बवाल ज्यादा

नई दिल्ली, एजेंसी। वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की बैठक चल रही है। हालांकि, बैठक में बातचीत कम और नेताओं के बीच नोकझोंक की खबरें ज्यादा सामने आ रही है। आज एक बार फिर जेपीसी की बैठक बुलाई गई थी। बीच बैठक से ही विपक्षी दलों के कई सदस्यों ने वॉकआउट करने का फैसला कर लिया।

जेपीसी के सदस्यों ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ की रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है। वॉकआउट करने वाले सदस्यों ने कहा कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक ने दिल्ली सरकार की जानकारी के बिना प्रेजेंटेशन में बदलाव किए। बैठक से बाहर जाने वालों में आप सांसद संजय सिंह, डीएमके के मोहम्मद अब्दुल्ला, कांग्रेस के नसीर हुसैन और मोहम्मद जावेद शामिल थे।

वाकाउट करने वाले नेताओं ने दावा किया कि एमसीडी आयुक्त और दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक अश्विनी कुमार ने मुख्यमंत्री आतिशी की मंजूरी के बिना वक्फ बोर्ड की प्रारंभिक रिपोर्ट में बदलाव किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल ने की। समिति ने दिल्ली वक्फ बोर्ड, हरियाणा वक्फ बोर्ड, पंजाब वक्फ बोर्ड और उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधियों को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर मौखिक साक्ष्य दर्ज करने के लिए बुलाया था। बता दें कि इससे पहले 22 अक्टूबर को हुई पिछली बैठक में भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय और टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के बीच गरमागरम बहस हुई थी। बैठक में कल्याण बनर्जी ने कथित तौर पर गुस्से में कांच की बोतल फेंक दी थी। बोतल फेंकने की वजह से उनके हाथ में चोट लग गई। जानकारी के मुताबिक, उनके हाथों में चार टांके लगे। इसके बाद कल्याण बनर्जी को एक दिन के लिए बैठक से निष्कासित कर दिया गया था।

### अगले साल हो सकती है भारत में जनगणना, जातिगत गणना पर अभी कोई फैसला नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में जनगणना अब 2025 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है। इस बार जनगणना के आंकड़े 2026 में जारी किए जाएंगे। जिससे भविष्य में जनगणना का चक्र पूरी तरह बदल जाएगा। हालांकि, जाति जनगणना को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। जनगणना 1951 से प्रत्येक दस साल के अंतराल पर की जाती थी। लेकिन 2021 में कोरोना महामारी के कारण जनगणना टल गई थी। इसके अलावा, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को भी अपडेट करने का काम बाकी है। अभी तक जनगणना की नई तारीख का आधिकारिक तौर पर एलान नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया, जनगणना और एनपीआर को अपडेट करने का काम अगले साल की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है और जनगणना के आंकड़े 2026 में जारी किए जाएंगे। इससे भविष्य में जनगणना का चक्र बदल जाएगा, जैसे 2025-2035 और फिर 2035 से 2045। विपक्षी कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जैसी सियासी पार्टियां जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं, ताकि देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल संख्या का पता चल सके। एक सूत्र ने कहा कि सरकार ने अभी तक जाति जनगणना पर कोई फैसला नहीं लिया है। इसके अलावा, अभी यह भी तय नहीं है कि क्या सरकार जनगणना के आंकड़े जारी होने के बाद 2026 में होने वाले परिसीमन के काम को आगे बढ़ाएगी। दक्षिणी राज्यों के कई राजनेताओं की चिंता है कि परिसीमन से उनके राज्यों की लोकसभा में सीटें कम हो सकती हैं।

### त्योहारों को लेकर डीजीपी ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग

## यूपी में चाक चौबंद रहे कानून व्यवस्था: प्रशांत

एक्शन में डीजीपी

❒ फील्ड के अफसरों कोप्रदेश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बेहतर रखने के दिए दिशा निर्देश



लखनऊ। प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार ने फील्ड के अफसरों को त्योहारों के मौके पर प्रदेश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बेहतर रखने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने कहा है कि धनतेरस व दीपावली के मौके पर सर्राफा बाजारों और अन्य बाजारों में काफी भीड़-भाड़ होती है। काफी संख्या में महिलायें व पुरूष खरीदारी करने निकलते हैं। ऐस में सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम किये जाएं। इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर सादे ड्रेस में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाए।

बाजारों में एंटी रोमियो स्क्वायड को सक्रिय रखा जाए और पुलिस पेट्रोलिंग की जाए। पूर्व में हुई घटनाओं को देखते हुए हॉट-स्पाट चिन्हित कर गश्त व पिकेट डियूटी के साथ-साथ यूपी-112 के वाहनो की तैनाती की जाए। डीजीपी ने यह भी कहा है कि छोटी से छोटी सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसओ, एसएचओ से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक मौके पर पहुंचें। रिजर्व पुलिस कर्मियों की क्विक रिस्पांस टीम बनाई जाए और दंगा नियंत्रण उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विस्फोटक पदार्थ व पटाखा विक्रेताओं के लाइसेंस धारकों की सूची को अपडेट कर इसकी चेकिंग की जाए। विस्फोटक पदार्थ, पटाखों का भंडारण आबादी से दूर वाली जगहों पर किया जाए और पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी निगरानी

ने यह भी कहा है कि जिले में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को थानावार सूची तैयार कर उनकी क्रियाशीलता का परीक्षण कर लिया जाए। महत्वपूर्ण हॉटस्पाट व संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी कराई जाएगी। प्रशांत कुमार ने कहा कि अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम के लिए एक्सेस कंट्रोल की व्यवस्था की जाए। अयोध्या के सभी धर्मशालाओं, होटलों, ढ़ाबों सराय पर नजर रखी जाए। संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जाए। सरयू नदी के प्रवाह/उत्प्रवाह मार्ग पर भी नजर रखी जायेगी। सरयू नदी में पेट्रोलिंग के लिए समुचित एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। असामाजिक व अवांछनीय तत्वों की सूची बनाकर इन पर विशेष निगरानी रखी जाय तथा आवश्यकतानुसार ऐसे तत्वों के विरूद्ध कड़ी निराधात्मक कार्रवाई की जाए। भीड़/दंगा नियंत्रण से संबंधित उपकरणों को तैयार हालत में रखा जाए ताकि जरूरत पड़ने पर उसका इस्तेमाल किया जा सके।

डीजीपी ने सभी से कहा दीपोत्सव के दौरान अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट व्यक्तियों के भ्रमण स्थल एवं समस्त कार्यक्रम स्थल की चेकिंग एएसएल चेक टीम और बीडीएस टीम द्वारा करा ली जाये। महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा मानक के अनुसार सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, बाजार, मनोरंजन स्थल, पार्क, मल्टीप्लेक्स आदि पर निर्देश दिए।

### अयोध्या में जलेंगे सवा लाख गो दीप

लखनऊ। योगी सरकार द्वारा अयोध्या में अबतक के सबसे भव्य दीपोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसी क्रम में पशुधन विभाग ने अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर डेढ़ लाख गो दीप जलाने का संकल्प लिया है। सोमवार शाम योगी से मिलकर पशुधन मंत्री धरमपाल सिंह ने प्रतीकात्मक रूप से गो दीप और अन्य गो उत्पाद भेंट किए। यह आयोजन प्रदेश में गोवंश के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।









## संक्षिप्त खबरें

### लूट-हत्या के 4 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

उन्नाव। उन्नाव पुलिस और अपर जिला शासकीय अधिवक्ता की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय ने लूट और हत्या के मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा एक आरोपी को 40 हजार रूपए और तीन अन्य आरोपियों को 35 हजार रूपए का जुर्माना लगाया। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत की गई। जिसमें उन्नाव पुलिस ने गुणवत्तापूर्ण विवेचना की और अभियोजन एवं मनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी का प्रयास किया गया। घटना 25 फरवरी 2017 को हुई थी। जब आरोपियों ने दानिश पुत्र परवेज अंसारी के चाचा, अंजुम अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोप है कि आरोपियों ने अंजुम के पास मौजूद जेवरात से भरे दो बैग लूट लिए थे। इस मामले में थाना सफीपुर पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में आरोपियों की पहचान में शहजाद पुत्र भोले उर्फ दिलशाद निवासी बहालीपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर, मनीष राजपूत पुत्र श्रीकृष्ण निवासी 41 काजीखेड़ा थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर, आशू उर्फ सुमित गुप्ता पुत्र मूलचंद्र, निवासी उपरोक्त, कुलदीप उर्फ अजय पुत्र रघुनाथ, निवासी मदनापुर थाना कोतवाली तिरवा कन्नौज को 18 जून 2017 को गिरफ्तार किया गया था। उनके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। सोमवार को न्यायालय ने चारों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अभियुक्त शहजाद को 40 हजार रूपए और अन्य तीन आरोपी मनीष, आशू और कुलदीप को 35 हजार रूपए का जुर्माना लगाया।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

उन्नाव। मुंबई से चलकर गोंडा जा रहा है एक यात्री उन्नाव के सोनिक रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से सफर करने के दौरान गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पेट्रोलिंग कर रहे पुलिसकर्मियों ने शव पड़ा देखा। इसके बाद मिले कागजातों के आधार पर शिनाख्त कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गोंडा के पढाढ़ी गढ़वा निवासी पुत्ती लाल का 19 वर्षीय बेटा छेलू मुंबई में रहकर पीओपी का काम करता था। दीपावली पर्व को लेकर वह रविवार को ट्रेन में सवार होकर लखनऊ के लिए निकला था। सोमवार को ट्रेन जब लखनऊ कानपुर रेलवे के सोनिक जैतीपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची तो कोच के गेट पर खड़े होकर वह किसी से बात कर रहा था इसी दौरान अचानक वह अनियंत्रित हो गया और चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। पेट्रोलिंग कर रहे पुलिसकर्मियों ने रेलवे ट्रैक के किनारे शव देखा तो उसके पास से मिले कागजात के आधार पर सूचना परिजनों को दी। भाई रमेश ने बताया कि वह लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहा था दूसरे कोच में था।

### पुलिस सत्ता का टूल बन काम करेगी तो सवाल उठेंगे: वीरेन्द्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में उपचुनाव का बिगुल तो बज ही चुका हैं। पोस्टर वार भी लगातार चल रहा हैं। कोई बंटेंगे तो कटेंगे के पोस्टर लगा रहा हैं तो कोई न बंटेंगे न कटेंगे, 2027 में नफरत वाले हटेंगे पोस्टर लगा रहा हैं। राजनीति गलियारों में एक के बाद एक नेताओं के बड़े बयान सामने आ रहे हैं। चंदौली से सपा सांसद वीरेंद्र सिंह का बड़ा बयान सामने आया हैं। उन्होंने पुलिस कस्टडी में मौत पर कहा कि पुलिस सत्ता का टूल बन काम करेगी तो सवाल जरूर उठेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि संजय निषाद और ओमप्रकाश राजभर पीडीए के साथी हैं। सत्ता के कारण अभी बाहर हैं। संजय निषाद और ओमप्रकाश राजभर पीडीए के अंग बनेंगे तो हमे अच्छा लगेगा। बंटेंगे तो कटेंगे के नारे को कहा, अगर पीडीए के साथी बंटेंगे तो सत्ता में बैठे लोग आरक्षण छीन लेंगे, हिस्सेदारी छीन लेंगे। पुलिस कस्टडी में मोहित पाण्डेय की मौत को लेकर कहा कि पुलिस कस्टडी में पिछले दिनों कई मौतें हुई हैं।

### 19 जिलों के आउट सोर्सिंग बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में दीपावली से पहले बिजली कर्मचारियों का आंदोलन शुरूहो गया है। सोमवार को गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कार्यालय के बाहर 19 जिलों से आए करीब 1 हजार कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बिजली कर्मचारी नेता देवेंद्र पांडेय ने कहा निगम हर जिला कार्यालय में 50 प्रतिशत कर्मचारियों की छँटनी कर रहा है। इसके लिए लिस्ट लगा दी गई है। करीब 25 हजार कर्मचारी नौकरी से निकाल दिए जाएंगे। देवेंद्र पांडेय ने बताया कि आउट सोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों को निकाला जा रहा है। हम रोजी- रोटी पर हमला किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसको लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन तेज होगा। देवेंद्र पांडेय ने कहा- जरूरत पड़ी तो ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और प्रदेश के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ तक से मुलाकात करेंगे। संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों का वेतन वैसे भी काफी कम है। नौकरी से निकाले जाने से उनकी आर्थिक स्थित और खराब हो जाएगी। धरने में शामिल एक कर्मचारी नेता ने बताया कि 50 प्रतिशत छंटनी के आदेश है।

# दीपावली और धनतेरस नजदीक आते ही बाजारों में लौटी रौनक

**खरी कसौटी**
**ब्यूरो**

सफीपुर-उन्नाव। दीपावली और धनतेरस का पर्व नजदीक आते ही उन्नाव जिले के बाजारों में रौनक लौट आई है। पूरे बाजार में खरीदारी का उत्साह देखा जा सकता है। लोग खासकर धनतेरस और दीपावली की तैयारियों में जुटे हैं, जिससे बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े और ज्वेलरी की दुकानों में भीड़ बढ़ गई है। दुकानदारों ने भी अपने-अपने दुकानों को आकर्षक रूप से सजाना शुरू कर दिया है, ताकि अधिक से अधिक ग्राहक उनकी दुकानों पर आएं और उनका व्यापार बढ़ सके।

धनतेरस पर विशेष रूप से बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स और कपड़े की दुकानों पर ग्राहक जुटने लगे हैं। वहीं, दीपावली को लेकर सजावट का सामान, खासकर दीये, मोमबत्तियां, और मिट्टी के सजावटी सामान की मांग बढ़ रही है। उन्नाव के स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस वर्ष उन्हें पिछले साल की तुलना में बेहतर बिक्री की उम्मीद है, क्योंकि लोग तेजी से स्वदेशी सामानों की ओर रुख कर रहे हैं। खासकर चीनी झालरों की जगह लोग मिट्टी के दीयों और मोमबत्तियों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे न केवल स्वदेशी उत्पादों का प्रचलन बढ़ रहा है, बल्कि इससे जुड़े स्थानीय कारीगरों को भी लाभ हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों में जहां चीनी झालरों और सजावटी सामग्रियों का चलन अधिक था, वहीं इस बार लोगों में स्वदेशी सामानों के



प्रति रुचि दिखाई दे रही है। दीये बनाने का काम करने वाले बृजपाल पुर गांव के निवासी गंगादीन ने बताया कि पहले जिले में मिट्टी के दीयों का व्यापार लाखों का होता था, लेकिन चीनी झालरों और लाइटों के चलते इस व्यापार में गिरावट आई। अब, स्थानीय कारीगरों और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लोग फिर से स्वदेशी सामानों की ओर लौट रहे हैं। इसके चलते बाजार में विभिन्न प्रकार के आकर्षक और पारंपरिक स्वदेशी सजावट के सामान देखने को मिल रहे हैं। जानकारों का मानना है कि उन्नाव जिले में हर साल चीनी झालरों का व्यापार लगभग 60 लाख रुपये से अधिक का होता है। इसी तरह, इलेक्ट्रॉनिक्स लाइट्स, बाइक और अन्य चीजों का भी करोड़ों रुपये का व्यापार होता है। हालांकि, इस बार लोग अधिकतर स्वदेशी विकल्पों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जैसे कि मिट्टी के दीये, हाथ से बनी मोमबत्तियां और भारतीय आर्टिफैक्ट्स। युवा पीढ़ी भी इस बदलाव को लेकर उत्साहित है और चीनी झालरों की जगह भारतीय मिट्टी के दीयों का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रही है। दीपावली के इस खास मौके पर जिले के विभिन्न हिस्सों में छोटे-छोटे कैंडल, अगरबत्ती और अन्य स्वदेशी उत्पाद बनाने वाली फैक्ट्रियां खुल गई हैं, जिससे लोगों को स्वदेशी सामान खरीदने में आसानी हो रही है। इन फैक्ट्रियों के खुलने से कई लोगों को रोजगार मिला है, और इससे बाजार में स्वदेशी सामानों की आपूर्ति भी बढ़ी है। खासकर कैंडल और अगरबत्ती जैसे उत्पादों की मांग बढ़ने से स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिला है।

उन्नाव के व्यापारी संघ के अध्यक्ष का कहना है कि इस बार लोगों का रुझान भारतीय संस्कृति से जुड़े हुए सामानों पर अधिक है। जहां एक ओर चीनी सामानों का बहिष्कार किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय हस्तशिल्प, दीये और कैंडल्स की मांग में भी वृद्धि हो रही है। इससे जिले के कारीगरों को फायदा हो रहा है और उनके परिवार भी दीपावली का त्यौहार खुशी-खुशी मना पा रहे हैं। धनतेरस पर लोग पारंपरिक रूप से बर्तन और अन्य धातु के सामान खरीदते हैं, जिससे बर्तन बाजार में चहल-पहल देखी जा रही है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स और सजावटी सामानों की दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है। कपड़ों की दुकानों में भी त्योहार को लेकर विशेष छूट दी जा रही है, ताकि लोग अपनी पसंद के कपड़े खरीद सकें। इस बार खासतौर पर त्योहार के मौके पर नए डिजाइन और आकर्षक लुक वाले कपड़े बाजार में उपलब्ध हैं, जो ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। कॉस्मेटिक्स और ज्वेलरी की दुकानों पर भी भीड़ देखी जा रही है। दीपावली के लिए विशेष ज्वेलरी और कॉस्मेटिक्स कलेक्शन पेश किए गए हैं, जो लोगों को खूब भा रहे हैं। व्यापारी उम्मीद कर रहे हैं कि इस साल की धनतेरस और दीपावली उनके लिए लाभदायक साबित होगी। दीपों के त्योहार के रूप में मशहूर दीपावली पर मिट्टी के दीयों की मांग हर साल बढ़ती जा रही है।

लोग स्वदेशी दीयों और मोमबत्तियों को प्राथमिकता देकर स्थानीय कारीगरों का समर्थन कर रहे हैं। इस बार विशेष रूप से इस पहल का समर्थन किया जा रहा है ताकि चीनी झालरों का बहिष्कार हो और स्वदेशी उत्पादों का सम्मान हो सके। लोगों का मानना है कि इस तरह की पहल से कारीगरों के जीवन में सुधार आएगा और वे भी इस त्योहार को धूमधाम से मना पाएंगे। इस तरह से सफीपुर, उन्नाव के बाजारों में धनतेरस और दीपावली के अवसर पर एक खास रौनक छाई हुई है। सभी दुकानदार अपने-अपने अंदाज में ग्राहकों को लुभाने के लिए तैयार हैं, और लोगों में भी इस बार त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखा जा सकता है।

# साधन सहकारी समिति देवगांव में खाद की कालाबाजारी का आरोप

(खरी कसौटी)

सफीपुर- उन्नाव। सफीपुर तहसील क्षेत्र के देवगांव स्थित साधन सहकारी समिति लिमिटेड में खाद की कालाबाजारी की शिकायत पर ग्राम प्रधान शालिनी गौड़ ने ग्रामीणों के साथ पहुंचकर समिति के अधिकारियों से जवाब मांगा। बताया जा रहा है कि सोमवार देर शाम को समिति परिसर में खाद वितरण के दौरान अनियमितताएं सामने आईं, जिसके चलते ग्रामीणों ने समिति में ताला बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान शालिनी गौड़ को सूचना मिली थी कि देवगांव में किसानों को आवश्यक खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है और समिति में खाद की कालाबाजारी की जा रही है। सूचना मिलते ही शालिनी गौड़ अपने पति अभिनव गौड़ और अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचीं। वहां पहुंचकर उन्होंने प्रभारी सचिव राजेंद्र कुमार की गैर मौजूदगी में खाद वितरण में लगे कर्मचारी से जवाब तलब किया। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों द्वारा पूछताछ किए जाने पर खाद वितरक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और जल्दबाजी में समिति का ताला बंद कर वहां से फरार हो गया। इस घटना से ग्रामीणों का गुस्सा और भड़क गया। ग्राम प्रधान शालिनी गौड़ ने आरोप लगाया कि देवगांव के किसानों को खाद नहीं दी जा रही है, जबकि समिति के जरिए खाद की कालाबाजारी हो रही है। उन्होंने बताया कि इस तरह की अनियमितताओं




के चलते किसानों को आवश्यक खाद नहीं मिल पा रही, जिससे उनकी फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

**ग्रामीणों का हंगामा, समिति में तालाबंदी**- इस घटना के बाद गांव के मदन चंद्र, मुनेश्वर, नीरज, रामकिशोर, संजय, शिवकुमार, अशोक प्रभात, जुगुल पूर्व प्रधान सतीश भारती समेत दर्जनों ग्रामीण समिति में पहुंच गए और तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि समिति द्वारा जरूरतमंद किसानों को खाद न देकर इसे ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। उन्होंने मांग की कि समिति में खाद वितरण की पूरी पारदर्शिता बरती जाए और कालाबाजारी में शामिल व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**प्रशासन से मांग, दोषियों पर हो कार्रवाई**- ग्राम प्रधान शालिनी गौड़ ने कहा कि किसानों को खाद न मिल पाने से उनकी फसल बर्बाद होने की कगार पर है और उन्हें काफी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही, ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर समिति की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ और किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कराई गई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। सफीपुर एसडीएम नवीन चंद्र का कहना है कि खाद कालाबाजारी की सूचना मिली है जिसे गंभीरता से लेकर जांच कराई जा रही है उन्होंने कहा कि किसानों को खाद की आपूर्ति में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जांच में अनियमितता मिलने पर जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाएगी।

### तंबाकू मुक्त युवा अभियान जागरूकता रैली का आयोजन

उन्नाव। जनपद में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों स्कूली बच्चों ने भाग लिया। यह रैली जिला अस्पताल परिसर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस अस्पताल परिसर में समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. सत्यप्रकाश ने किया। जिन्होंने बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।रैली में शामिल बच्चों ने तंबाकू मुक्त भारत और स्वास्थ्य है सबसे बड़ा धन जैसे नारों के साथ अपने इरादों को स्पष्ट किया। स्कूली बच्चों की टीम ने रंग-बिरंगे बैनर और तख्तियों के जरिए तंबाकू के उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य खतरों के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। रैली में शामिल अन्य चिकित्सक भी सीएमओ के साथ चल रहे थे। जिन्होंने बच्चों को इस अभियान का महत्व समझाया। सीएमओ डा. सत्यप्रकाश ने कहा, तंबाकू का सेवन केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। हमें अपने युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना होगा। ताकि वे इसके शिकार न हों। उन्होंने बताया कि यह रैली केवल एक शुरुआत है और भविष्य में ऐसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बच्चों ने रैली के दौरान तंबाकू के खिलाफ गीत गाए और नृत्य भी प्रस्तुत किए। जिससे पूरे वातावरण में उत्साह का संचार हुआ।

# उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को किया सम्मानित

(खरी कसौटी)

उन्नाव। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने दरोगा अनूप मिश्रा अपूर्व को सम्मानित किया। 24 वें धनुष यज्ञ महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। सामाजिक जन कल्याण सेवा समिति द्वारा सिविल लाइन में आयोजित 24 वें वार्षिकोत्सव एवं धनुष यज्ञ महोत्सव में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और अध्यक्ष सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा जनपद उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम व 112 टग्रक्र प्रभारी के रूप में तैनात सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को उनके सामाजिक सेवा कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। जनहित के प्रति समर्पित दरोगा के सामाजिक सेवा कार्यों की मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा सराहना की गई।

संस्था के मुख्य संरक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपनी ड्यूटी को बाखूबी निभाने के साथ साथ जनपद को साफ सुथरा हरा भरा बनाने के लिए ग्रीन उन्नाव क्लीन उन्नाव मुहिम चला रहे हैं और जरूरतमंद बच्चो को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए मदद करते हैं। एसडीएम न्यायिक हसनगंज शिवेंद्र कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह सहित समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली कई विभूतियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदर विधायक पंकज गुप्ता ने प्रभु श्रीराम व श्री लक्ष्मण जी की आरती कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रजनी तिवारी ने श्री राम चरित्र मानस पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए श्री राम जी और अन्य पात्रों के व्यक्ततित्व से प्रेरणा लेकर सामाजिक और पारिवारिक जीवन जीने की कला को सीखने और उनके आदर्शों को अपने अंदर उतारने का आग्रह आम जन



मानस से किया। इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने समिति के बारे में बताते हुए प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान कर 25 वां उत्सव और अधिक धूमधाम से मनाने में समिति को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर अन्य प्रमुख लोगों मे आनंद अवस्थी, अरुण सिंह, पंकज त्रिपाठी सहित समाज के काफी प्रमुख जन उपस्थित थे। सभासद सुनील अवस्थी ,नवीन सिंह , श्रीमती मीरा आर्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

समिति के मुख्य संरक्षक अनुराग अवस्थी, मुख्य संरक्षक शैलेंद्र दीक्षित व समिति अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ सभी अतिथिगण का अभिनंदन किया। इसके उपरांत पूरी रात उत्तर प्रदेश के जाने पहचाने कलाकारों द्वारा अभिनय कर धनुष भंग का विशाल आयोजन संपन्न हुआ। पूरी रात हजारो की भीड़ ने कार्य क्रम मे सभी पात्रों का उत्साह वर्धन किया। सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग अवस्थी के संचालन में समिति अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी और महामंत्री धर्मेन्द्र सोनी,मुख्य संरक्षक शैलेंद्र दीक्षित,योगेंश पांडेय, ओम शंकर शुक्ल, सुरेश दिवेदी अधिवक्ता, प्रमोद शर्मा, शैलू शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता, राजू दिवेदी,आदित्य मिश्रा, शैलेंद्र पांडेय, हिमांशु ,अजीत श्रीवास्तव, आयुष मिश्रा, बीना पटेल, नितेश सैनी,अतुल अवस्थी, राधे श्याम मिश्रा सहित समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नर सेवा-नारायण सेवा समिति ने वितरित किए मिट्टी के दीप



(खरी कसौटी)

1,51,000 मिट्टी के दीप मुंह मांगी कीमत पर खरीद कर लोगो में निःशुल्क वितरित कर विमल द्विवेदी ने खिलाई कुम्हारी कला से जुड़े लोगों के चेहरे पर मुस्कान

उन्नाव। दीपावली के पावन पर्व पर गत वर्षो की भांति नर सेवा-नारायण सेवा समिति उन्नाव के संस्थापक विमल द्विवेदी के नेतृत्व में बाजार में कुम्हारों से मुहं मांगी कीमत पर 1,51,000 मिट्टी के दीप खरीदकर लोगों में निःशुल्क वितरित किये गए व मिठाई देकर दी दीपावली की शुभकामनाये। साथ ही संदेश भी दिया गया कि दीवाली की खरीदारी उसी दुकानदार से करें जो स्वयं दीवाली मनाता हो। साथ ही हिन्दू एकता पर बल देते हुए प्रखर हिंदूवादी भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने बंटोगे तो कटोगे का भी संदेश दिया। मीडिया से बातचीत में विमल द्विवेदी ने बताया कि हमें उन्ही दुकानदार चुनने है जो स्वयं दीवाली मनाता हो तभी सनातनी त्योहारों में छिपे समाज की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का मंत्र सार्थक होगा अन्यथा धन हमारा होगा लेकिन लाभ विधर्मी उठाएंगे। उन्होंने आमजन से भी 21 मिट्टी के दीपक जरूर जलाने का संदेश दिया ताकि प्राचीन काल से कुम्हारों की इस कला को उनका उचित पारिश्रमिक मिल सके। इस अवसर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, राकेश राजपूत, विष्णु गुप्ता, कमलेश बाजपेई गायत्री परिवार, योगेंद्र तिवारी, मनीष अवस्थी, परिमल मिश्रा, मुकेश दीक्षित, सुरेश राजपूत, राजेंद्र राजपूत, शिवा राजपूत, केतन अवस्थी, धर्मेंद्र शुक्ल, अलोक कुशवाहा, वाशु आचार्य, अलोक शुक्ल, अनिल सोनी, जय शिव अवस्थी सहित आधा सैकड़ा लोगो ने आमजनमानस को दिए देकर दीपावली की दी शुभकामनाये।

# पीएम आज देंगे 12,850 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का तोहफा

खरी कसौटी ब्यूरो

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार का शुभारंभ करेंगे

धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अक्टूबर को दोपहर लगभग 12:30 बजे अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली में लगभग 12,850 करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज का विस्तार शुरू करेंगे। इससे सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आय को महत्व दिये बिना स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री देशभर में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास करते रहे हैं। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री कई स्वास्थ्य संस्थानों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री भारत के पहले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। इस चरण में, एक पंचकर्म अस्पताल, औषधि निर्माण के लिए एक आयुर्वेदिक फार्मेसी, एक खेल चिकित्सा इकाई, एक केंद्रीय पुस्तकालय, एक आईटी और स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन सेंटर और 500 सीटों वाला ऑडिटोरियम शामिल है। श्री मोदी मध्य प्रदेश के मंदसौर, नीमच और सिवनी में तीन मेडिकल कॉलेजों का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, वे हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर, पश्चिम बंगाल के कल्याणी, बिहार के पटना, *उत्तर प्रदेश के गोरखपुर,* मध्य प्रदेश के भोपाल, असम के गुवाहाटी और नई दिल्ली विभिन्न एम्स में सुविधा और सेवा विस्तार का उद्घाटन करेंगे, जिसमें एक जन औषधि केंद्र भी शामिल होगा। प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक और ओडिशा के बरगढ़ में एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के शिवपुरी, रतलाम, खंडवा, राजगढ़ और मंदसौर में पांच नर्सिंग कॉलेजों, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मणिपुर, तमिलनाडु और राजस्थान में 21 क्रिटिकल केयर ब्लॉकों और नई दिल्ली स्थित एम्स तथा हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में अनेक सुविधाओं और सेवा विस्तारों की आधारशिला भी रखेंगे।

प्रधानमंत्री ओडिशा में भुवनेश्वर के गोथापटना में एक केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन करेंगे।प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के इंदौर में एक ईएसआईसी अस्पताल का उद्घाटन करेंगे और हरियाणा के फरीदाबाद, कर्नाटक के बोम्मासंद्रा और नरसापुर, मध्य प्रदेश के इंदौर, उत्तर प्रदेश के मेरठ और आंध्र प्रदेश के अचुतापुरम में ईएसआईसी अस्पतालों की आधारशिला रखेंगे। इन परियोजनाओं से करीब 55 लाख ईएसआई लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री विभिन्न क्षेत्रों में सेवा सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग को विस्तार देने के प्रबल पक्षधर रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने वाली ड्रोन प्रौद्योगिकी के अभिनव उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री 11 तृतीयक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में ड्रोन सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। उत्तराखंड में एम्स ऋषिकेश, तेलंगाना में एम्स बीबीनगर, असम में एम्स गुवाहाटी, मध्य प्रदेश में एम्स भोपाल, राजस्थान में एम्स जोधपुर, बिहार में एम्स पटना, हिमाचल प्रदेश में एम्स बिलासपुर, *उत्तर प्रदेश में एम्स रायबरेली,* छत्तीसगढ़ में एम्स रायपुर, आंध्र प्रदेश में एम्स मंगलगिरी और मणिपुर में रिम्स इंफाल इसमें शामिल हैं। प्रधानमंत्री एम्स ऋषिकेश से हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का भी शुभारंभ करेंगे, इससे तेजी से चिकित्सा देखभाल प्रदान करने में मदद करेगी।

प्रधानमंत्री यू-विन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। यह टीकाकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाकर गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को लाभान्वित करेगा। यह गर्भवती महिलाओं और जन्म से 16 वर्ष तक के बच्चों को 12 वैक्सीन-निवारणीय बीमारियों के खिलाफ जीवन रक्षक टीकों का समय पर दिया जाना सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री संबद्ध और स्वास्थ्य पेशेवरों और संस्थानों के लिए एक पोर्टल भी लॉन्च करेंगे। यह मौजूदा स्वास्थ्य पेशेवरों और संस्थानों के केंद्रीकृत डेटाबेस के रूप में कार्य करेगा।

प्रधानमंत्री देश में स्वास्थ्य सेवा इको-सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए अनुसंधान एवं विकास तथा परीक्षण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई पहलों की भी शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री ओडिशा में भुवनेश्वर के गोथापटना में एक केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री ओडिशा के खोरधा और छत्तीसगढ़ के रायपुर में योग और प्राकृतिक चिकित्सा के दो केंद्रीय अनुसंधान संस्थानों की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री चिकित्सा उपकरणों के लिए गुजरात के एनआईपीईआर अहमदाबाद, थोक दवाओं के लिए तेलंगाना के एनआईपीईआर हैदराबाद, फाइटोफार्मास्युटिकल्स के लिए असम के एनआईपीईआर गुवाहाटी और एंटी-बैक्टीरियल एंटी-वायरल दवा खोज और विकास के लिए पंजाब के एनआईपीईआर मोहाली में चार उत्कृष्टता केंद्रों की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री चार आयुष उत्कृष्टता केंद्रों का शुभारंभ करेंगे, जिनके नाम हैं भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु में मधुमेह और उपापचयी विकारों के लिए उत्कृष्टता केंद्र; आईआईटी दिल्ली में रस औषधियों के क्षेत्र में स्टार्ट-अप समर्थन तथा ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के समाधान और उन्नत तकनीकी समाधान के लिए टिकाऊ आयुष उत्कृष्टता केंद्र, केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में आयुर्वेद में मौलिक और अनुवाद सम्बंधी अनुसंधान के लिए उत्कृष्टता केंद्र; और जेएनयू, नई दिल्ली में आयुर्वेद और प्रणाली चिकित्सा पर उत्कृष्टता केंद्र। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए गुजरात के वापी, तेलंगाना के हैदराबाद, कर्नाटक के बेंगलुरु, आंध्र प्रदेश के काकीनाडा और हिमाचल प्रदेश के नालागढ़ में चिकित्सा उपकरणों और बल्क दवाओं के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत पांच परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। ये इकाइयां महत्वपूर्ण बड़ी मात्रा में दवाओं के साथ-साथ बॉडी इम्प्लांट और क्रिटिकल केयर उपकरण जैसे उच्च-स्तरीय चिकित्सा उपकरणों का निर्माण करेंगी। प्रधानमंत्री देशभर के लिए, देश का प्रकृति परीक्षण अभियानङ्क भी शुरू करेंगे, जिसका उद्देश्य नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। श्री मोदी जलवायु परिवर्तन के अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के लिए अनुकूलन रणनीति तैयार करने के लिए प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लिए जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राज्य-विशिष्ट कार्य योजना भी शुरू करेंगे।

### 45 हेड कांस्टेबल प्रमोशन पाकर बने दरोगा,एसपी ने लगाए स्टार

उन्नाव। उन्नाव के अलग अलग थानों ओर कार्यालय में तैनात 45 मुख्य आरक्षी उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय की तरफ से प्रमोशन पाकर दरोगा बन गए हैं। दरोगा की सूची जारी होने के बाद एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को प्रमोशन के बाद सूची जारी की। अब मुख्य आरक्षी प्रमोशन होने के बाद दरोगा बन गए। कुछ कर्मियों को एसपी दीपक भूकर, एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह ने कंधे पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी हैं।औरास थाने में तैनात चन्दपाल, असोहा थाने में तैनात नन्हेलाल पाल, उमेश चंद्र द्विवेदी यूपी 112, राजेन्द्र सिंह चौहान थाना अजगैन, अशोक कुमार तिवारी यूपी 112, रमापति मिश्र को पुलिस लाइन, उदय सिंह को थाना हसनगंज, प्रेम नारायण पांडे को अभियोजन कार्यालय, पुष्पेंद्र सिंह डायल 112, मोहम्मद असलम थाना औरास, आंनद कुमार को अभियोजन कार्यालय, मोहम्मद जमशेद अहमद थाना मौरावां, मुहम्मद यूनिस थाना दही, राधेश्याम थाना मौरावां, कन्हैया सिंह यूपी 112, नियामत उल्ला अभियोजन कार्यालय, राम सरदार तिवारी थाना अचलगंज, कोमल सिंह यादव थाना माखी, अनिल कुमार यातायात, महाबल सिंह यूपी 112, राम नरेश सिंह यूपी 112, राजेन्द्र कुमार सरोज थाना पुरवा, सुनील कुमार सिंह थाना कोतवाली, .ष्ण मोहन मिंश्रा थाना सोहरामऊ, राजेन्द्र कुमार क्षेत्रधिकारी कार्यालय सदर, विमलेश कुमार द्विवेदी थाना अचलगंज, जग्गन यादव थाना सोहरामऊ, रामाश्रय सिंह यादव थाना पुरवा, सनी दयाल थाना हसनगंज, सुनील कुमार थाना बेहटा मुजावर, संतोष कुमार सिंह पुलिस लाइन, अब्दुल जब्बार थाना एचटीयू, राकेश पांडे थाना सोहरामऊ, राम कुमार दीक्षित थाना बांगरमऊ, वेद प्रकाश सिंह थाना सफीपुर आदि प्रमोशन पाकर दरोगा बने।

### करंट की चपेट में आने से किशोरी की मौत

उन्नाव। जिले के अचलगंज थाना क्षेत्र के भैसई नौबस्ता गांव की रहने वाली किशोरी पर्व को लेकर घर की सफाई करते समय करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमर्टम के लिए भेज दिया है। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा। त्योहार पर मौत हो जाने से खुशियां मातम में बदल गयी। अचलगंज थाना क्षेत्र के भैसई नौबस्ता गांव में 17 वर्षीय किशोरी मुस्कान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घर की सफाई करते समय यह घटना घटी। जिससे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। मुस्कान शहर के सर सैय्यद स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा थी तीन बहनों में सबसे बड़ी थी। परिवार के सदस्यों के अनुसार मुस्कान घर की सफाई में व्यस्त थी। इसी दौरान वाशिंग मशीन का एक तार लोहे के दरवाजे से छू गया। जिससे करंट उतर आया। इस दुर्घटना के बाद परिवार के लोग उसे तुरंत अस्पताल ले गए। लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी।



अगर आप अपने भीतर शांति-पवित्रता उतारना चाहते हैं, तो दूसरी की देह के बजाय उसके शरीर से निकल रही तरंगों के बारे में सोचिए। वो नकारात्मक हों या सकारात्मक, आपको महसूस होंगी। लेकिन केवल देह और उसके अंग को देखकर अपने विचारों को कोई ऐसी दिशा मत दीजिए, जिसके परिणाम में आपको अशांति हाथ लगे। अगला व्यक्ति हमें देखकर क्या सोच रहा है, ये सोचना बंद कर देना चाहिए।

# मोदी के लिए खतरा बन गये हैं अखिलेश



डा. ज्ञान पाठक

उत्तर प्रदेश में सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के लिए एनडीए और इंडिया ब्लक के उम्मीदवारों की घोषणा के साथ, अब चुनावी रणभूमि में मुख्य प्रतियोगियों को देखा जा सकता है, और उनकी संबंधित ताकत और कमजोरियों का आकलन भी किया जा सकता है, जिसकी सफलता या विफलता योगी आदित्यनाथ के भाग्य का फैसला कर सकती है - उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में, और साथ ही भाजपा के भावी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में भी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को मिली अपमानजनक हार के बाद, योगी आदित्यनाथ को प्रदेश भाजपा के कुछ प्रमुख नेताओं से विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है, जो विफलता के लिए उन्हें बलि का बकरा बनाने की मांग कर रहे थे।

हालांकि, योगी आदित्यनाथ ने उन पर अपना प्रभुत्व साबित कर दिया, जिन्हें अप्रत्यक्ष रूप से कुछ केंद्रीय भाजपा नेताओं का समर्थन प्राप्त था। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने तब कहा था कि उपचुनाव खत्म होने तक कोई बदलाव नहीं किया जायेगा। उन्होंने वास्तव में केंद्रीय भाजपा की मंशा को ही उजागर दिया था कि अगर योगी आदित्यनाथ को उम्मीदवारों का चयन करने और अपने तरीके से प्रचार करने की खुली छूट दी जाये तो यह स्पष्ट होगा कि वे उपचुनावों में क्या कर सकते हैं और तब उनकी ताकत का अंदाजा लग जायेगा। यह भी याद रखने लायक है कि योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की हार के लिए श्पार्टी नेताओं के अति आत्मविश्वासश और अलोकप्रिय उम्मीदवारों को बार-बार खड़ा करने को जिम्मेदार ठहराया था। पहला आरोप राज्य भाजपा में उनके विरोधी समूह पर लक्षित था, और दूसरा आरोप केंद्रीय भाजपा नेतृत्व पर लक्षित था। अब उपचुनाव आ गये हैं, और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनाव प्रचार के प्रबंधन और पार्टी टिकट देने में पूरी छूट दे दी गयी है। इसलिए 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव का परिणाम योगी आदित्यनाथ के राजनीतिक भाग्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा।

भाजपा 9 में से 8 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि एक सीट एनडीए की सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) को दी गयी है। कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर (एससी) से सुरेंद्र दिलेर, करहल से अनुजेश यादव, फूलपुर से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और सीसामऊ से सुरेश अवस्थी को टिकट दिया गया है। इनमें से फूलपुर, गाजियाबाद और खैर पर भाजपा ने 2022 के चुनाव में जीत दर्ज की थी, जबकि मझवां पर एनडीए की सहयोगी निषाद पार्टी ने जीत दर्ज की थी। चूंकि भाजपा इन सीटों पर चुनाव लड़ रही है, इसलिए पार्टी इन सीटों को बरकरार रखने के लिए समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों की कड़ी टक्कर का सामना कर रही है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव 2024 के लोकसभा चुनाव से ही उभरते सितारे हैं, इन सीटों पर भी उनके कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी ऊंचा दिख रहा है, जो इन सीटों को भाजपा से छीनने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। एनडीए में भाजपा की सहयोगी रालोद की बात करें तो उसने मीरापुर से मिथिलेश पाल को मैदान में उतारा है।



2022 के विधानसभा आम चुनाव में भी रालोद ने इस विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। यह सीट मौजूदा विधायक चंदन चौहान के लोकसभा में निर्वाचित होने के बाद खाली हुई थी। मीरापुर ही नहीं, बल्कि 13 नवंबर को जिन 8 विधानसभाओं में उपचुनाव होने हैं, वहां मौजूदा विधायकों के लोकसभा में निर्वाचित होने और सीट खाली होने के कारण उपचुनाव जरूरी हो गये हैं। समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी को आपराधिक मामले में दोषी ठहराये जाने तथा अयोग्य घोषित किये जाने के कारण सीसामऊ सीट पर उपचुनाव जरूरी हो गया है। भारत के निर्वाचन आयोग ने अदालती मुकदमे के कारण मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव की घोषणा नहीं की। विपक्षी समाजवादी पार्टी ने सभी 9 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ रही है। इंडिया ब्लक के प्रमुख घटक के रूप में कांग्रेस सिर्फ समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन कर रही है। इसलिए, यह स्पष्ट है कि कोई भी नुकसान या लाभ समाजवादी पार्टी और उसके सुप्रीमो अखिलेश यादव का सीधा नुकसान या लाभ होगा। इतना ही नहीं, एनडीए सहयोगियों के पास मौजूद अन्य 5 सीटों में से कोई भी जीतना समाजवादी पार्टी और इंडिया ब्लाक के और उभार का संकेत होगा।

इसके विपरीत, भाजपा को न केवल 2022 में जीती गयी अपनी 3 सीटों को बरकरार रखना है, बल्कि उसे अपनी सहयोगी निषाद पार्टी द्वारा जीती गयी सीट को भी बरकरार रखना है, जिस पर अब भाजपा चुनाव लड़ रही है। इन सीटों पर किसी भी तरह की हार उत्तर प्रदेश में भाजपा की राजनीतिक यात्रा को और नीचे ले जाने का संकेत होगी। भाजपा को न केवल इन सीटों पर जीत हासिल करनी है, बल्कि समाजवादी पार्टी की चार मौजूदा सीटों को भी छीनना है, ताकि यह साबित हो सके कि भाजपा ने अपनी खोई जमीन वापस पा ली है। हालांकि, भाजपा के लिए समस्या यह है कि भाजपा के भीतर योगी आदित्यनाथ के विरोधी अभी भी सक्रिय हैं, क्योंकि वे इन उपचुनावों को उत्तर प्रदेश और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में योगी की राजनीतिक हैसियत को कम करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, अगर योगी चार सीटों को बरकरार रखने में सफल हो जाते हैं और आरएलडी को एकमात्र सीट जीतने में मदद करते हैं, तो वह भाजपा में एक अप्रतिरोध्य ताकत के रूप में फिर से उभरेंगे और भविष्य के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी के प्रभाव के लिए खतरा बन जायेंगे।

2022 के विधानसभा आम चुनाव में भी रालोद ने इस विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। यह सीट मौजूदा विधायक चंदन चौहान के लोकसभा में निर्वाचित होने के बाद खाली हुई थी। मीरापुर ही नहीं, बल्कि 13 नवंबर को जिन 8 विधानसभाओं में उपचुनाव होने हैं, वहां मौजूदा विधायकों के लोकसभा में निर्वाचित होने और सीट खाली होने के कारण उपचुनाव जरूरी हो गये हैं। समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी को आपराधिक मामले में दोषी ठहराये जाने तथा अयोग्य घोषित किये जाने के कारण सीसामऊ सीट पर उपचुनाव जरूरी हो गया है। भारत के निर्वाचन आयोग ने अदालती मुकदमे के कारण मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव की घोषणा नहीं की। विपक्षी समाजवादी पार्टी ने सभी 9 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ रही है। इंडिया ब्लक के प्रमुख घटक के रूप में कांग्रेस सिर्फ समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन कर रही है। इसलिए, यह स्पष्ट है कि कोई भी नुकसान या लाभ समाजवादी पार्टी और उसके सुप्रीमो अखिलेश यादव का सीधा नुकसान या लाभ होगा। इतना ही नहीं, एनडीए सहयोगियों के पास मौजूद अन्य 5 सीटों में से कोई भी जीतना समाजवादी पार्टी और इंडिया ब्लाक के और उभार का संकेत होगा। इसके विपरीत, भाजपा को न केवल 2022 में जीती गयी अपनी 3 सीटों को बरकरार रखना है, बल्कि उसे अपनी सहयोगी निषाद पार्टी द्वारा जीती गयी सीट को भी बरकरार रखना है, जिस पर अब भाजपा चुनाव लड़ रही है। इन सीटों पर किसी भी तरह की हार उत्तर प्रदेश में भाजपा की राजनीतिक यात्रा को और नीचे ले जाने का संकेत होगी।

# सम्पादकीय

## रोजगार और विकास का दौर



केसी विश्नोई (समूह सम्पादक)

अपनी विशाल और विविधता भरी अर्थव्यवस्था के कारण भारत ने, पिछले कुछ वर्षों के दौरान, रोज़गार के अवसरों के मामले में बहुआयामी बदलाव आते देखे हैं। भारत की अर्थव्यवस्था में रोज़गार का मंज़र लगातार बदल रहा है और कई सेक्टर विकास की ठोस संभावनाएं दिखा रहे हैं। आज जब भारत आर्थिक विकास के रास्ते पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, तो उसके कुछ सेक्टर ऐसे हैं, जिनसे ये अपेक्षा की जा रही है कि वो देश में रोज़गार के अवसरों के मामले में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं। भारत के वित्तीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विस्तार हो रहा है। इसके पीछे बैंकिंग और बीमा सेवाओं की बढ़ती मांग है. यही नहीं, वित्तीय तकनीक के नए नए आविष्कारों का उभार इस उद्योग को नए आयाम दे रहा है और इससे रोज़गार के नए मौक़े भी पैदा हो रहे हैं। पहला, डिजिटल बैंकिंग की दिशा में बढ़ते क़दमों की वजह से मोबाइल और ऑनलाइन बैंकिंग तकनीक, ग्राहक के अनुभव के हिसाब से डिज़ाइन तैयार करने और साइबर सुरक्षा के कुशल पेशेवरों की मांग पैदा होती है. दूसरा, बीमा क्षेत्र भी तकनीकी एकीकरण की वजह से बड़े स्तर पर परिवर्तन होते देख रहा है। भारत के बीमा क्षेत्र के बारे में अंदाज़ा लगाया गया है कि ये 2025 तक बढ़कर 250 अरब डॉलर का हो जाएगा. ऐसे में 2020 से 2030 के बीच, बीमा क्षेत्र में 78 अरब डॉलर के अतिरिक्त प्रीमियम के अवसर पैदा होंगे.अपना व्यवसाय शुरू करने वालों के लिए अच्छी खबर है। मुद्रा लोन की सीमा दोगुनी यानी 20 लाख रुपये हो गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चालू बजट में इसका प्रस्ताव रखा था.केंद्र सरकार ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत तरुण प्लस श्रेणी की घोषणा की. जिसके तहत बैंक 20 लाख रुपये तक के लोन दे सकते हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इसका मकसद लोगों के रोजगार को प्रोत्साहित करना है. पहले इसकी सीमा 10 लाख रुपये थी। मुद्रा लोन की सीमा बढ़ाने से नये कारोबारियों को सहूलियत होगी. देश का विकास मजबूत होगा। भारत और जर्मनी ने एआई, सेमीकंडक्टर सहयोग के लिए 'नवाचार और प्रौद्योगिकी पर रोडमैप' जारी किया है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम यूक्रेन और पश्चिम एशिया में शांति के लिए काम करने को तैयार हैं। इसका मकसद एआई, सेमीकंडक्टर और स्वच्छ ऊर्जा में सहयोग करना है. शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ की सह-अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसके दौरान यह समझौता किया गया। इससे पहले जर्मनी ने कुशल श्रम रणनीति के तहत भारत से हर साल 90,000 तक कुशल कारीगरों की सीमा बढ़ाई। इस संबंध में भी दोनों देशों के बीच अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। वहीं जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने रूस-यूक्रेन संघर्ष में शांति के लिए भारत के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने कहा कि मैं यूक्रेन में स्थायी, न्यायपूर्ण शांति की वकालत करने और इसमें योगदान देने के लिए भारत के विचारों का समर्थन करता हूं.। भारत जैसे देश में मानसिक सेहत पर बहुत कम ध्यान रखा जाता है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से इस दिशा में काफी बदलाव देखने को मिल रहे हैं।




# हरियाणा हार कर रसातल में कांग्रेस का मनोबल

डॉ. प्रभात ओझा

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस अपने साथी दलों के सामने नरम पड़ गयी है। इसे समझने के लिए महाराष्ट्र के आने वाले विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव काफी हैं। महाराष्ट्र में जिस दिन महाविकास अघाड़ी के दलों में अंतिम रूप से सीटों का बंटवारा हुआ, उसके दो दिन पहले तक अलग तरह की खबरें आ रही थीं। कहा गया कि कांग्रेस राज्य में बड़ा भाई का दर्जा बरकरार रखेगी। सीट शेयरिंग का यह फार्मूला आ रहा था कि कांग्रेस 105 से 110 क्षेत्रों में चुनाव लड़ सकती है। दूसरी ओर शिवसेना (यूबीटी) को 90 से 95 और शरद पवार वाली एनसीपी को 75 से 80 सीटें मिलने की संभावना जतायी गयी।

यह उम्मीद लंबे समय तक बरकरार नहीं रही। जब समझौता हुआ तो तय हो गया कि तीनों में से कोई बड़ा-छोटा नहीं है। कांग्रेस भी अपने साथी दलों के बराबर ही है। प्रत्येक दल को 85 सीटें मिलीं और शेष सीटों पर ये पार्टियां मित्रवत अपने प्रत्याशी उतार सकती हैं। यानी बाकी सीटों पर ये आमने-सामने हो सकती हैं। जो भी हो, कांग्रेस पर दबाव साफ दिख रहा है और वह राज्य में उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टियों के बराबर आ गयी है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए छोटे-बड़े की बात तो लंबे समय से पृष्ठभूमि में जा चुकी है। वहां किसी तरह से अस्तित्व बचाए रखने का लक्ष्य है। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के साथ देशभर में उपचुनाव भी हो रहे हैं। इनमें उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर मतदान कराया जाना था। कानूनी अड़चनों के चलते एक क्षेत्र मिल्कीपुर में उपचुनाव नहीं हो रहा है। बाकी बची 09 सीटों में से कांग्रेस ने पहले 05 सीटों की मांग रखी थी। यह कुल 10 में आधा-आधा का फार्मूला था। लोकसभा चुनाव में सपा के साथ समझौते में मिली 17 में से कांग्रेस 06 पर जीत कर उत्साह में थी। यह अति उत्साह में बदलता तब दिखा, जब हरियाणा में उसने सपा के साथ समझौता नहीं किया। अब सपा को मौका मिला उत्तर प्रदेश उपचुनाव में। उसने कांग्रेस को गाजियाबाद और खैर सीट देने का प्रस्ताव रखा। कांग्रेस को यह दोनों सीटें हार वाली लग रही थीं। उसने प्रयागराज की फूलपुर पर भी अपनी दावेदारी की किंतु सपा टस से मस नहीं हुई। अंततः कांग्रेस ने अपनी प्रतिष्ठा बचाते हुए 'भाजपा को हराने के लिए गठबंधन को महत्व' के नाम पर उत्तर प्रदेश में उपचुनावों से अलग रहने का फैसला कर लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राज्य प्रभारी अविनाथ पाण्डेय और विधायक दल नेता अराधना मिश्रा ने इस निर्णय को संविधान बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ मोर्चा के हक में किया फैसला कहा है।इसके विपरीत स्पष्ट है कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में उम्मीद से कम रह गयी कांग्रेस, उत्तर प्रदेश में कोई खतरा मोल लेना नहीं चाहती। उसे उप चुनाव से अधिक 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की चिंता है। उपचुनाव से अलग रहने के फैसले को अब वह सपा से दोस्ती और अपने संविधान बचाओ मुहिम के लिए त्याग बता रही है।

डा. रीना रवि मालपानी

कॉलम

# राम मंदिर की प्रतीक्षारत अलौकिक दिवाली

अयोध्या नृप मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का वन गमन सदैव के लिए सबके हृदय में राम राज्य को स्थापित कर गया। राम तो हृदय में विराजमान उच्चारण है। राम तो अनंत भावों की अभिव्यक्ति है। राम तो धर्म के मर्म के प्रदाता है। सर्वगुण के आलय प्रभु श्रीराम का हम विनय पूर्वक वंदन करते है। राम का अयोध्या आगमन और राम मंदिर में श्रीराम का आगमन पुनः उसी भावना से हृदय को उद्वेलित कर देता है। प्रसन्नता चहुं ओर विद्यमान है। प्रत्येक को विश्वास है कि रघुकुल नन्दन राजा राम है, जो प्रत्येक परिस्थिति में हमारी रक्षा करेंगे। वे इस प्रकाशपर्व में हमारे अज्ञान रूपी तिमिर का अपनी कृपा के आलोक से विनाश कर हमारे जीवन को आलौकित कर देंगे।

करे कर्मो का अनूठा दीप प्रज्वलन, तम रूपी दनुज का उन्मूलन। महीप सीतापति का आगमन, मुमुक्षु और वैभव का आह्वान।।

राम और राम मंदिर निर्माण दोनों ही धैर्य और संघर्ष की अनूठी छाप है। श्रीराम का समय तो एक ऐसा युग है जिसके समक्ष समस्त ब्रह्मांड नतमस्तक है। राम का वनवास तो एक कोमल राजकुमार की करुण कथा का रूप है। आदर्शों की स्थापना के लिए राम ने अनेकों कष्टों को शिरोधार्य किया और राम मंदिर के निर्माण में भी भक्तजनों ने अपने प्रयासों में कोई कमी परिलक्षित नहीं होने दी। मारीच का भ्रम उत्पन्न करना तो श्रीराम की लीला का अभिनय अंग था। प्रेम की उत्कृष्ट पराकाष्ठा को प्रदर्शित करने के लिए उन्होने सीता के वियोग में वन-वन व्याकुल होकर पीड़ित स्वर में सिया को पुकारा। लक्ष्मण की मूर्छित अवस्था देखकर भावों एवं संवेदनाओं से उनका हृदय आंदोलित हो गया। मानवता के सृजक महीप राम तो गुणों की खान है। मनुष्य की अंतिम यात्रा भी राम पर ही समाप्त होती है और राम नाम ही सत्य है यह बोध कराती है। राम सर्वस्व है। राम धर्म के अलौकिक देदीप्यमान सूर्य है, जिन्होने अपने वचन का पालन कर तीनों लोकों में अपनी विजय पताका फहराई।

दीपक का मयूख प्रतीक है आस ,सूक्ष्म तरणि का अनुपम विश्वास । वसुंधरा का नूतन ज्योति से श्रृंगार, विभावरी में आलोक का प्रसार।।

राम मंदिर में श्रीराम के विराजमान होने के पश्चात इस दिवाली की चमक ही अनूठी है। यह दिवाली तो हमें गर्व का अनुभव करा रही है, क्योंकि श्रीराम की कृपा से हम राम मंदिर के साक्षी बने। अपार रौनक, चमक-दमक चहुं ओर व्याप्त है। प्रत्येक द्वार-द्वार पर हर्ष-उल्लास, मुस्कान एवं खुशी बिखरी हुई है। राम मंदिर की प्रतीक्षारत दिवाली तो मन में प्रसन्नता के प्रसून को प्रफुल्लित कर देती है। राम नाम से हमारा अपनत्व का रिश्ता है। कितनी सुखद अनुभूति है कि राम मंदिर में राम हमारे मध्य है और अब मंदिर में विराजमान राम का कभी वनवास नहीं होगा। राम के प्रति श्रद्धा का भाव हमारे मन में संशयों को न्यून कर देता है। प्रकाश पर्व में परम्पराओं के स्वागत, संस्कृति की झलक, आकर्षक रंगोली एवं मिट्टी के दीयों से प्रकाशित दिवाली हममे आशा के अनेकों बीजों का अंकुरण कर देती है। राम की छवि को हमें अमावस्या की रात्रि में हमारे हृदय में प्रकाश का स्वरूप देना है। रघुनंदन के नेतृत्व में राम राज्य में चहुं ओर शांति और अनुशासन था। पुनः हमें उसी राम राज्य की स्थापना करनी है। हे राम, हमारे जीवन को भी अपने ज्ञान से आलोकित कर दो। विपदाओं के अनेकों प्रहारों को राम ने अपने धैर्य रूपी ऊर्जा के शस्त्र से नष्ट कर दिया।

हर्ष विषाद चित्त के विकल्प, कौशल्यानंदन विजयपथ के संकल्प।
भूपति राघव आत्मीक शौर्य के प्रतीक,मर्यादापूर्ण शील के रूपक।

इस जीवम में अनेक प्रकार के कलुषित विकार विद्यमान है जैसे लोभ, मोह, काम, क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष और द्वंद इत्यादि, जो हमारे मन को दूषित कर देते है। श्रीराम की कृपा इन सभी विकारों से हमें मुक्ति प्रदान करती है। जिन प्रभु की मात्र इच्छा से कार्य पूर्णता को प्राप्त कर लेते है वे प्रभु भी मानव योनि में अपनी लीला एवं मंदिर निर्माण में धैर्य की सीख देते है। हे राम, हमारे हृदय मृदुल और मधुर बना दो। स्वर को विमल वाणी से युक्त कर दो। सभी प्राणियों में राम राज्य के समान निर्झर प्रेम की अविरल धारा को प्रवाहित कर दो। दोष युक्त भाव छल, मद-माया का विनाश कर दो। हे करुणा निधान कृपालु रामचंद्र अपनी दया के नीर कण छलका दो। हृदय को पुलकित एवं पावन बना दो। निर्मल मति एवं गति प्रदान कर दो।

भारतीय संस्कृति का वैशिष्ट्य, उत्सव का हृदयगम प्राकट्य। अल्पना के विपुल बहिरंग, इहलोक में हरिवल्लभा के आविर्भाव के संग
। आस्था का प्रकाशवान, आनंदमय पर्व, आदरयुक्त मंगलभावना उत्तरोत्तर विकास के संग।

इस दीपोत्सव में नवीन दृष्टि, संबंध पटल पर अपनत्व एवं सौहाद्र के अलौकिक दीप प्रज्वलित हो। इस ज्योति पर्व में धर्म के प्रणेता श्रीराम हमारे मन को भी आशा के दीपों से जगा दो। अवध ने 14 वर्षों का वनवास देखा तो श्रीराम भक्तों ने भी राम मंदिर निर्माण में अनवरत प्रतीक्षा की। आज पुनः वही दीपावली दीप पर्व मनाने का उत्सव है। हम सभी को अंधकार से वैसे ही लड़ाई करनी है जैसे दीप करता है। राम का वनवास शून्य से बहुमूल्य होने तक का सफर था। अयोध्या आज पुनः सुसज्जित हो गई है। हर तरफ अनुपम और मनोहारी दृश्य है। रघुवर की अनवरत प्रतीक्षा की व्याकुलता अब सदैव के लिए समाप्त हो गई है। प्रति वर्ष अब नित नवीन उत्साह से राम मंदिर में दिवाली मनाई जाएगी। हम हर्षित हृदय से राघव का सुमिरन करेंगे। राम की प्रीत हो और वही हमारे मीत हो। राम नाम की निधि ही जीवन की सच्ची आजीविका है। भक्ति के उपवन में राम नाम रूपी वृक्ष ही समाहित हो। हे राम, समस्याओं के संताप का क्षय कर दो एवं सरल, सहृदय मन बना दो। राम राज्य के अनुरूप सभी प्राणियों में अक्षुण्ण स्नेह के बीजों का अंकुरण हो।

# करके सीखने के विचार का लोकतंत्रीकरण

दीक्षा सुप्याल

लंबे समय से इंटर्नशिप को युवा उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद एक व्यवस्था के रूप में जाना जाता रहा है। शिक्षा से जुड़े शोधकर्ताओं और शिक्षण से संबंधित वैज्ञानिकों ने कार्य-आधारित शिक्षा के महत्व को पहचाना है। डेविड कोल्ब्स, जॉन डेवी, कर्ट लुईस एवं कई अन्य विद्वानों द्वारा प्रवर्तित अनुभवात्मक शिक्षण से संबंधित दृष्टिकोण, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार श्रमशक्ति के विकास के महत्वपूर्ण साधन साबित हुए हैं। इंटर्नशिप वास्तव में संवाद, सहयोग, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बेहतर बनाती है। युवा उम्मीदवारों के लिए पीएमआईएस के तहत प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप न केवल अवसर हैं बल्कि परिवर्तनकारी अनुभव भी हैं। वे कॉरपोरेट जगत की वास्तविक दुनिया से परिचित कराती हैं, जो देशभर के अधिकांश कॉलेजों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा की अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्थित एवं स्थिर दुनिया से काफी भिन्न है। अपने करियर की सर्वोत्तम राह को विकसित करने और पहचानने के अलावा उम्मीदवार जिम्मेदारी संभालने, समस्या के समाधान, निर्णय लेने, टीम वर्क और समय के प्रबंधन के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी हासिल कर सकते हैं। इंटर्नशिप प्रवेश से संबंधित उन बाधाओं को भी तोड़ देती है, जिससे छोटे शहरों व गांवों के प्रतिभाशाली, ईमानदार और समर्पित युवाओं को भी जूझना पड़ता है। इन बाधाओं में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना, ई-मेल से जुड़ा शिष्टाचार, कंप्यूटर व एमएस ऑफिस का उपयोग करना या विश्वसनीय एवं सर्वाधिक प्रासंगिक जानकारी के लिए इंटरनेट पर खोज करने जैसी बुनियादी चीजें शामिल हैं। देश के प्रमुख संस्थानों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जहां इंटर्नशिप प्रचलन में है, वहीं कैरियर संबंधी परामर्श एवं नौकरी-उन्मुख नेटवर्किंग की कमी के कारण राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में, यह एक असामान्य चीज बनी हुई है। इन्हीं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में अधिकांश युवा पढ़ते हैं। इस तरह, पीएमआईएस के जरिए बड़े पैमाने पर प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप गैर-मेट्रो शहरों के युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करती है और संभावित प्लेसमेंट के लिए दरवाजे खोलने का काम करती है। व्यक्तिगत स्तर पर, नई मिली आर्थिक आजादी आत्मविश्वास बढ़ाती है और युवा प्रतिभाओं को बेहतर करने और ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती है। युवतियों के मामले में, आर्थिक आजादी और आत्म-मूल्य की भावना शादी की उम्र और विवाह के पूर्व की शर्तें जैसी जीवन के फैसलों में बदलाव ला सकती है। नियोक्ता के लिए इंटर्नशिप न केवल दीर्घकालिक रोजगार के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता का परीक्षण करने का कम लागत वाला बेहतरीन प्रयोग है, बल्कि कौशल संबंधी अंतर को पाटने और उसके सीएसआर संबंधी उद्देश्यों को पूरा करने का रणनीतिक उपकरण भी है। 12 महीनों के दौरान कंपनी विश्वसनीय रूप से एक प्रशिक्षु के आईक्यू का आकलन कर सकती है और आत्मविश्वास के साथ ल्प्रवृति के लिए नियुक्ति और कौशल के लिए प्रशिक्षण की बहुप्रशंसित रणनीति को लागू कर सकती है। व्यापक स्तर पर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से पीएमआईएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और यह युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने एवं वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं में समानता लाने का एक तात्कालिक उपाय है। शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं के लिए एक फिनिशिंग स्कूल के रूप में कार्य करके, इंटर्नशिप अर्थव्यवस्था में 'रोजगार रहित प्रतिभा' के भारी नुकसान को कम करने में मदद करती है। आने वाले एआई के युग में, शिक्षा से लेकर रोजगार तक की ऐसी कड़ी और भी महत्वपूर्ण साबित होगी, जहां नौकरी के लिए उपयुक्तता परिवर्तन एवं जीवन कौशल के प्रति अनुकूलनशीलता द्वारा निर्धारित की जाएगी।

# दीपावली के पाँच दिवसीय पर्व के शुभ महूर्त



ज्योतिषाचार्य पं.अविनाश मिश्र शास्त्री (चित्रकूटधाम)

..................................

दीपावली 2024.कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीपावली का त्योहार मनाया जाता है हिंदू धर्म में दीपावली का त्योहार बहुत उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है ! कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीपावली का पर्व मनाया जाता है पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर भगवान श्री राम 14 वर्षों का वनवास काटकर और लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या लौटे थे जिसकी खुशी में सारे अयोध्यावासी इस दिन पूरे नगर को अपने राजा प्रभु राम के स्वागत में दीप जलाकर उत्सव मनाया था इसी कारण से तब से यह परम्परा चली आ रही है दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व होता है। इस दिन शाम और रात के समय शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और माता सरस्वती की पूजा की जाती है। धनतेरस दीपावली का पहला दिन माना जाता है ! इसके बाद नरक चतुर्दशी फिर दीपावली, गोवर्धन पूजा और आखिर में भैयादूज का त्योहार मनाया जाता है। आइए जानते हैं पांच दिनों तक चलने वाले दीपावली महापर्व की प्रमुख तिथियां और शुभ मुहूर्तः शुभ धनतेरस 2024...धनतेरस का त्योहार हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर मनाया जाता है ! धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती भी कहते हैं पांच दिवसीय दीपावली का पहला दिन होता है ! धनतेरस के दिन से दिवाली का त्योहार प्रारम्भ हो जाता है इस बार 29 अक्टूबर मंगलवार को धनतेरस का त्योहार है ! धनतेरस 29 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार धनतेरस का शुभ मुहूर्त - भौम प्रदोष के साथ प्रातः 10-50 बजे से लेकर दोपहर 1-30 बजे तक धनतेरस पर शुभ खरीदारी की अवधि - दोपहर 03-00 बजे से लेकर 4-30 बजे तक.। नरक चतुर्दशी 2024.......इस वर्ष नरक चतुर्दशी का त्योहार 30 अक्टूबर 2024 को मनाया जायेगा यह धनतेरस के बाद मनाया जाता है नरक चतुर्दशी कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है नरक चतुर्दशी को कई और नामों से भी मनाया जाता है। नरक चतुर्दशी 2024 तेल मालिश का समय (अभ्यंग) – सुबह 06:06:05 बजे से 06:34:57 बजे तक ! हनुमत ध्वज दान-दोपहर -01-30 बजे से 02-15 तक यम दीपदान -रात्रि 7-46 बजे से 09-10 मिनट के मध्य दीपावली 2024......महापर्व दीपावली और महालक्ष्मी पूजा...31अक्टूबर 2024 को पूरे देश और विदेश में मनाया जाएगा। दिवाली लक्ष्मी पूजा शुभ मुहूर्त : दिपावली और लक्ष्मी पूजा तिथि- गुरुवार, 31अक्टूबर 2024 लक्ष्मी पूजा मुहूर्त ......... गो धूली मुहूर्त-17:34:09 बजे से 18:10:27 बजे तक। वृषभ लग्न काल : 19:10:28 बजे से 21:06:18 बजे तक ! दीपावली महानिशीथ काल मुहूर्त : लक्ष्मी पूजा मुहूर्त : 23:38:52 बजे से 24:30:58 बजे तक महानिशीथ काल : 23:38:52 बजे से 24:30:58 बजे तक ! सिंह लग्न काल : 25:30:14 बजे से 27:30:43 बजे तक दीपावली शुभ चौघड़िया मुहूर्त :सायं 04:30:25 बजे से से 9 बजे तक ...। अन्नकूट गोवर्धन पूजा -02 नवंबर 2024 को 03 नवंबर 2024 - भाईदूज, चित्रगुप्त पूजन, यमुना स्नान।

मैं स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक के.सी. विश्नोई द्वारा के.सी. प्रकाशन प्रा0 लि0 एस-20 यू.पी.एस.आई.डी.सी. औद्योगिक क्षेत्र सरोजनीनगर जिला लखनऊ से मुद्रित कराकर 9/5 डालीबाग कालोनी लखनऊ से प्रकाशित

सम्पादकः के.सी. विश्नोई Mob. 9415006460 RNI NO. UPHIN/2010/35142 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों का चयन रिपोर्टरों/पीआरबी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। (समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों और समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी)

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रा के अपहरण मामला निकला फर्जी: प्रेमी संग भाग कर रची साजिश

प्रतापगढ़। देहात कोतवाली क्षेत्र में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा के कथित अपहरण का मामला एक साजिश के रूप में सामने आया है। पुलिस के अनुसार, छात्रा अपने प्रेमी के साथ जंगल में गई थी, जहां उसे अकेला देखकर ग्रामीणों ने संदेह जताते हुए उससे और उसके प्रेमी से पूछताछ की। इस दौरान दोनों ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया, जिससे ग्रामीणों का शक और बढ़ गया। ग्रामीणों द्वारा टोके जाने पर अपनी पहचान छिपाने और रिश्ते का खुलासा होने के डर से छात्रा ने प्रेमी के साथ मिलकर एक झूठी अपहरण साजिश की योजना बनाई। बाद में, अष्टभुजा नगर के पास पहुंचकर उसने चार अज्ञात लोगों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। हालांकि, इसके बाद एक वीडियो सामने आया, जिसमें ग्रामीणों द्वारा की गई पूछताछ से मामले की सच्चाई उजागर होती दिख रही है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है, ताकि इस कथित अपहरण के पीछे का वास्तविक उद्देश्य समझा जा सके। इस खुलासे ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है, और पुलिस इस झूठे आरोप के पीछे के मकसद का पता लगाने में जुटी है, ताकि मामले में उचित कार्रवाई की जा सके।

### मॉडल स्कूल का डीएम ने किया निरीक्षण, दिखे नाराज

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने सोमवार को बर्डपुर विकास खंड के इंग्लिश मीडियम मॉडल प्राइमरी स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई और कुछ बच्चे स्कूल ड्रेस में नहीं मिले, जिस पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें ड्रेस, जूता और मोजा खरीदने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही, उन्होंने मिड-डे मील के तहत बच्चों को मिलने वाले भोजन, दूध और फल की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पीटीएम रजिस्टर, निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आंकलन टैकर और मिड-डे मील रजिस्टर सहित सभी अभिलेखों की गहनता से जांच की। स्कूल में कुल 208 नामांकित बच्चों में से केवल 138 बच्चे उपस्थित मिले, और उनमें से अधिकांश ड्रेस में नहीं थे। इस पर डीएम ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और ड्रेस में आने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने मिड-डे मील की गुणवत्ता की भी जांच की और खुद भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता को परखा, जो संतोषजनक पाई गई। डीएम ने शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश भी दिए और निरीक्षण में पाई गई कमियों को जल्द से जल्द दूर करने की हिदायत दी। इस निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### भाभी की हत्या में केस दर्ज, देवर हुआ गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के जिमडी गांव में शनिवार को एक महिला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर मृतका के देवर और सास के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया था और आज देवर को गिरफ्तार कर लिया। मृतका के पिता, अब्दुल मोबीन ने बताया कि उनकी 26 वर्षीय बेटी समीना खातून की शादी छह साल पहले जमालुद्दीन से हुई थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन शादी के बाद से ही उनकी बेटी को उसकी सास नजबुन्निशा और देवर अमीरुद्दीन दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। उन्हें कई बार समझाने की कोशिश की गई, लेकिन वे लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। शनिवार को दिनदहाड़े, देवर अमीरुद्दीन और सास ने मिलकर समीना की चाकू से हत्या कर दी। इसके बाद, सास फरार हो गई और देवर ने थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया।

### एसपी बोलीं- लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कहा- रात में गश्त बढ़ाए,सख्त निर्देश दिए

सिद्धार्थनगर। एसपी प्राची सिंह ने सदर सर्किल के थानों की अर्दली रूम और अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने जांच में लापरवाही को बर्दाश्त न करने की बात कही और जांच को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, रात की गश्त बढ़ाने का आदेश भी दिया गया। बैठक में एसपी प्राची सिंह ने बाजार, लोटन, मोहाना, कपिलवस्तु और महिला थाना की समीक्षा की। आगामी धनतेरस, दिवाली और छठ पर्व के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए। एसपी ने पुराने मामलों, जांच और जन शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। एसपी ने शहरी और ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त बढ़ाने, साइबर अपराध रोकने के लिए जागरुकता फैलाने और गुंडा अधिनियम व गैंगस्टर अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

खरी कसौटी ब्यूरो

गोरखपुर। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत रेलवे अधिकारी क्लब, गोरखपुर में ''सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि'' विषय पर महाप्रबन्धक सौम्या माथुर के मुख्य आतिथ्य में सतर्कता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाप्रबन्धक ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया एवं सतर्कता विभाग की पत्रिका ''शुचि दर्पण'' का विमोचन किया। संगोष्ठी में वरिष्ठ अधिकारी एवं रेलकर्मी उपस्थित थे।

सतर्कता संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए महाप्रबन्धक सौम्या माथुर ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाये जाने का उद्देश्य सभी में सत्यनिष्ठा जागृत करना है, जिससे राष्ट्र प्रगति करें। जीवन जीने के लिये सत्यनिष्ठा बहुत आवश्यक है। हम समाज के निर्माण में अपना योगदान देते है, हम सब जो भी कुछ करें, सत्यनिष्ठा से करें। उन्होंने कहा कि यदि हम किसी को गलत तरह का लाभ देते हैं, वह भ्रष्टाचार है। सभी रेलकर्मी सत्यनिष्ठा से अपना कार्य करें। इसमें उन्हें हर प्रकार का सहयोग दिया जायेगा तथा हर समस्या का समाधान निकाला जायेगा। परन्तु यदि सत्यनिष्ठा में कमी आयेगी तो उसका परिणाम उन्हें भुगतना होगा। वर्तमान में बहुत सारे कार्य ऑटो जनरेट सिस्टम से मॉनिटर होने लगे हैं। हमारे कार्यों पर सवाल नहीं उठना चाहिए। रेलकर्मियों के मामलों में भी उनके सभी कार्य समय से होना चाहिए। कार्यों में देरी हो, निरीक्षण समय से न हो, मामलों का समय से निस्तारण न किया जाना, सत्यनिष्ठा की कमी दर्शाता है। हम सभी प्रोफ़ेशनल इंटेग्रिटी, आनेस्टी, सत्यनिष्ठा की संस्कृति से कार्य करेंगे, तभी राष्ट्र की समृद्धि होगी। अधिकारियों का रोल बहुत महत्वपूर्ण होता है, वह सरकार के सलाहकार है। इसलिये यह महत्वपूर्ण है कि आप जो भी सलाह दें या निर्णय ले, उसमें सत्यनिष्ठा दिखनी चाहिये। उन्होंने कहा कि रेलवे के सभी विभाग मिलकर कार्य करते हैं तो रेल चलती है। हम सभी को अपने संस्थान के प्रति सत्यनिष्ठा से कार्य करना चाहिये तथा अपना सर्वोत्तम देना चाहिए। सत्यनिष्ठा केवल एक दिन या एक सप्ताह के लिये नहीं होना चाहिए अपितु हमेशा सत्यनिष्ठा से कार्य करना चाहिए तथा उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए तभी राष्ट्र की समृद्धि होगी। हम सभी राष्ट्र की प्रगति में भागीदार बने। अपर महाप्रबन्धक डी.के.सिंह ने कहा कि सिस्टम की मॉनिटरिंग ऐसी होनी चाहिए कि उसमें भ्रष्टाचार की गुंजाइश न हो। यदि हम कोई फाइल व कार्य रोके रहते हैं तो उससे भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है, निर्णय शीघ्र होना चाहिए। सिस्टम ठीक से कार्य करता है तो भ्रष्टाचार में कमी आती है। यदि हम सभी अपना कार्य पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करें तो भ्रष्टाचार में कमी आयेगी एवं देश आगे बढ़ेगा। आमंत्रित वक्ता बोर्ड आफ गवर्नर/एम्स, गोरखपुर डा. अशोक जान्हवी प्रसाद ने कहा कि भ्रष्टाचार मानव के स्वभाव का एक हिस्सा है, उसे समाप्त नहीं किया जा सकता, उसे कम किया जा सकता है। यह जरूरी नहीं है कि भ्रष्टाचार आर्थिक ही हो। यदि आप कुछ गलत करते है तो वह भी भ्रष्टाचार है। हमें सतर्कतापूर्वक कार्यों में सुधार लाना चाहिए और दंडात्मक कार्यवाही से बचना चाहिए। भ्रष्टाचार रोकने के लिये आमजन में जागरूकता लानी चाहिए एवं भ्रष्टाचार के विरूद्ध ''जीरो टालरेन्स'' की नीति अपनानी चाहिए। भ्रष्टाचार के प्रति चुप रहना भी भ्रष्टाचार है। सेवा निवृत्त प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जो हम अर्जित कर रहे हैं उससे अधिक की लालसा एवं उच्च पद की चाह से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। सतर्कता के दो सिद्धान्त है दंडात्मक एवं सुधारात्मक। हमें सुधारात्मक सिद्धान्त पर विषेष ध्यान देना चाहिए तथा गोष्ठियों में नियमों के साथ चरित्र पर भी ध्यान देना चाहिए तथा सत्य के धरातल पर अपने सिस्टम को बढ़ावा देना चाहिए। इससे भ्रष्टाचार में कमी आयेगी। सेवा निवृत्त प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक राकेश त्रिपाठी ने कहा कि भ्रष्टाचार आर्थिक व नैतिक किसी भी रूप में



हो सकता है। गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा की कमी, उच्चश्रेणी जीवन की चाह, मूल्यों का ह्रास आदि भ्रष्टाचार बढ़ने के कारण है। यदि हम सतर्क एवं सख्त रहें और हर क्षेत्र में पारदर्शिता के साथ कार्य करें तो भ्रष्टाचार को रोका जा सकता है। प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि हमारा राष्ट्र एक समय सोने की चिड़िया कहा जाता था। कारण यह था कि उस समय लोग अपना कार्य पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करते थे। उन्होंने कहा कि दंडात्मक सिस्टम कड़ा होना चाहिए। यदि हम राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करेंगे तो राष्ट्र आगे बढ़ेगा।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण अभय कुमार गुप्ता ने कहा कि सिस्टम की मॉनिटरिंग ऐसी होनी चाहिए जिसमें भ्रष्टाचार कम हो। सिस्टम ढंग से कार्य करेगा तो लोगों को उसमें विश्वास होगा, जिससे भ्रष्टाचार कम होगा। मामलों पर निर्णय एवं निपटारे में देरी से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक अनुप कुमार सत्पथी ने कहा कि भारतीय रेलवे भ्रष्टाचार के मामलों में अन्य विभागों से अच्छी स्थिति में है। हमें पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके एवं पूरी क्षमता के साथ रेल सेवा लोगों तक पहुँचानी चाहिए। हम विभाग के लोग यदि स्वयं सर्तक रहें तो भ्रष्टाचार की संभावना नहीं रहेगी। वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक नीलमणि ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में केन्द्रीय सतर्कता आयोग की सतर्कता पहलों में से एक है। यह एक जागरूकता निर्माण एवं आउट रिच उपाय है, जिसका उद्देश्य सभी हित धारकों को साथ लाना है। यह पहल भ्रष्टाचार मुक्त भारत को बढ़ावा देने और हमारे समाज में सतर्कता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह विषेष महत्व रखता है, क्योंकि यह 31 अक्टूबर को हमारे पूर्व गृह मंत्री एवं प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती से मेल खाता है। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत सतर्कता प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पट्टाधारकों के साथ विक्रेता बैठक आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जो हित धारको के बीच ईमानदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। सतर्कता विभाग द्वारा जांच की गुणवत्ता में सुधार और मामलों के त्वरित निस्तारण पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है तथा 120 दिनों से अधिक पुराने मामलों की निगरानी की जा रही है तथा डी.ए.आर. मामलों को समय से पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। नीलमणि ने कहा कि सतर्कता विभाग का कार्य केवल दंडित करना ही नहीं है, बल्कि लोगों को सुधार हेतु सलाह देना, सिस्टम इम्प्रूव करना तथा रेलकर्मियों को उनके कार्यों में सहयोग करना है। संगोष्ठी का संचालन उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/भंडार अंकित सक्सेना ने तथा धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/यांत्रिक श्री ए.पी. पाण्डेय ने किया।

# रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा

खरी कसौटी ब्यूरो



गोरखपुर। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार पूर्वोत्तर रेलवे पर 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर, 2024 तक ''सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि'' विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने ''सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024'' के अन्तर्गत 28 अक्टूबर, 2024 को महाप्रबन्धक कार्यालय, परिसर गोरखपुर में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर महाप्रबन्धक कार्यालय परिसर में सामान्य प्रषासन विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की प्रतीज्ञा की। महाप्रबन्धक सौम्या माथुर ने रेल कर्मियों को संदेश देते हुए कहा कि ''मेरा विष्वास है कि हमारे देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। मेरा विष्वास है कि भ्रष्टाचार उन्मूलन करने के लिये सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सर्तक होना चाहिये तथा उसे सदैव ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिये और भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिये। महाप्रबन्धक ने रेल कर्मियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करने, रिश्वत लेने और न ही रिश्वत देने, सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी तरीके से करने, जनहित में कार्य करने, अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करने, भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित एजेन्सी को देने की शपथ दिलाई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत ''सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि'' विषय पर सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों एवं कार्यालयों में रेल कर्मियों को दिलायी गयी।

### दुकानदार बर्तनों का लगा रहे मेला, बोले- मंहगाई के बावजूद बाजार में रौनक

सिद्धार्थनगर। धनतेरस को लेकर चारों तरफ चहलकदमी बढ़ गई है। मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपनी अपनी दुकानों को सजाने में लग गए है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष धनतेरस पर जमकर बिक्री होने की उम्मीद दुकानदार लगाए हुए है। दुकानों को रंगीन झालरों से सजाया जा रहा है। धनतेरस पर अधिकांश लोग स्टील, पीतल, तांबे के बर्तनों की खरीदारी करना शुभ मानते हैं। इससे बर्तन बाजार में खासी रौनक रहती है। हालांकि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष महंगाई जरूर बढ़ी है, लेकिन व्यापारी महंगाई का असर नहीं मान रहे हैं। स्टील बर्तनों में क्रिस्टल गैस चूल्हा, इंडक्शन चूल्हा और इंडक्शन कुकर छाए रहेंगे। स्टील के आकर्षक पूजन थाल, सिल्वर टच डिजाइन के बर्तनों की भरमार रहेगी। हालांकि पीतल के बर्तनों का क्रेज हर बार की तरह इस बार भी कुछ घटता दिख रहा है। लेकिन पीतल के गणेश-लक्ष्मी, घंटा, दीपक पसंद किए जाएंगे। नानस्टिक बर्तन, इलेक्ट्रानिक ब्लाइंडर आदि भी बिक्री के लिए रखे हैं। बर्तन व्यापारियों का कहना है कि बाजार में अच्छी खासी भीड़ आने लगी है। दीपावली से पहले धनतेरस पर्व को लेकर जिले में बर्तन की दुकानें सजाने में लोग लग गए है। सड़कों के किनारे टेंट आदि लगवाने के लिए स्थानों को चिह्नित करने का कार्य शुरू हो गया है।

### पुलिस का नशामुक्ति अभियान: सार्वजनिक स्थान पर नशा किया तो भेजा जाएगा जेल

प्रतापगढ़। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए ऑपरेशन नशा मुक्ति अभियान शुरू किया है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कानून व्यवस्था को मजबूत करना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, और महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय और क्षेत्राधिकारी कुण्डा अजीत कुमार सिंह की देखरेख में, थाना कुण्डा के प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह ने हाल ही में एक दर्जन लोगों को सार्वजनिक स्थान पर नशा करने के आरोप में हिरासत में लिया। इन पर धारा 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस अभियान के तहत, न केवल नशा करने वालों को दंडित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें नशे के आर्थिक, शारीरिक और सामाजिक हानियों के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है। पुलिस का उद्देश्य है कि नशे से प्रभावित परिवारों को इस बुरी आदत से मुक्ति दिलाई जाए और युवा पीढ़ी को इसके दुष्प्रभावों से बचाया जाए।

# गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से

खरी कसौटी ब्यूरो

गोरखपुर। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05029/05030 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 29 अक्टूबर, 02, 06 एवं 10 नवम्बर, 2024 को तथा बान्द्रा टर्मिनस से 31 अक्टूबर, 04, 08 एवं 12 नवम्बर, 2024 को 04 फ़ेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा।

05029 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 29 अक्टूबर, 02, 06 एवं 10 नवम्बर, 2024 को गोरखपुर से 19.00 बजे प्रस्थान खलीलाबाद से 19.40 बजे, बस्ती से 20.07 बजे, गोंडा से 21.30 बजे, दूसरे दिन लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 00.40 बजे, कानपुर सेंट्रल से 02.45 बजे, कन्नौज से 04.02 बजे, फर्रुखाबाद से 05.45 बजे, कासगंज से 07.50 बजे, मथुरा जं. से 10.10 बजे, भरतपुर से 12.10 बजे, कोटा से 15.25 बजे, रतलाम से 19.05 बजे, वडोदरा से 23.00 बजे, तीसरे दिन सूरत से 00.55 बजे, वलसाड से 01.57 बजे, वापी से 02.27 बजे तथा बोरीवली से 04.12 बजे छूटकर बान्द्रा टर्मिनस 05.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05030 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 31 अक्टूबर, 04, 08 एवं 12 नवम्बर, 2024 को बान्द्रा टर्मिनस से



07.10 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 07.22 बजे, वापी से 09.14 बजे, सूरत से 10.35 बजे, वडोदरा से 12.45 बजे, रतलाम से 16.40 बजे, कोटा से 20.20 बजे, भरतपुर से 23.50 बजे, दूसरे दिन मथुरा जं. से 02.10 बजे, कासगंज से 03.55 बजे, फर्रुखाबाद से 05.25 बजे, कन्नौज से 07.32 बजे, कानपुर सेंट्रल से 09.15 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 11.15 बजे, गोंडा से 13.25 बजे, बस्ती से 14.42 बजे तथा खलीलाबाद से 15.12 बजे छूटकर गोरखपुर 16.15 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में साधारण द्वितीय श्रेणी के 18, एल.एस.एल.आर.डी. का 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

# अहमदाबाद-गोरखपुर-अहमदाबाद पूजा विशेष गाड़ी अहमदाबाद से

खरी कसौटी ब्यूरो

गोरखपुर। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा हेतु 09449/09450 अहमदाबाद-गोरखपुर-अहमदाबाद पूजा विशेष गाड़ी का संचलन अहमदाबाद से 30 अक्टूबर, 06, 13, 20 एवं 27 नवम्बर,2024 दिन प्रत्येक बुधवार को तथा गोरखपुर से 01, 08, 15, 22 एवं 29 नवम्बर,2024 दिन प्रत्येक शुक्रवार को निम्नवत किया जायेगा। 09449 अहमदाबाद-गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी 30 अक्टूबर, 06, 13, 20 एवं 27 नवम्बर,2024 दिन प्रत्येक बुधवार को अहमदाबाद से 22.00 बजे प्रस्थान कर आणन्द से 23.02 बजे, दूसरे दिन छायापुरी से 00.25 बजे, गोधरा से 01.32 बजे, दाहोद से 02.27 बजे, रतलाम से 04.40 बजे, नागदा से 05.37 बजे, कोटा से 08.40 बजे, सवाई माधोपुर से 10.02 बजे, गंगापुर सिटी से 10.57 बजे, बयाना से 12.12 बजे, आगरा फोर्ट से 13.50 बजे, टुण्डला से 14.25 बजे, कानपुर सेंट्रल से 19.20 बजे, लखनऊ से 21.00 बजे, बाराबंकी से 22.00 बजे, तीसरे दिन अयोध्या से 00.20 बजे, मनकापुर से 01.10 बजे तथा बस्ती से 03.19 बजे छूटकर गोरखपुर 04.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 09450 गोरखपुर-अहमदाबाद पूजा विशेष गाड़ी 01, 08, 15, 22 एवं 29 नवम्बर,2024 दिन प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 07.30 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 08.45 बजे, मनकापुर से 10.42 बजे, अयोध्या से 11.35 बजे, बाराबंकी से 13.22 बजे, लखनऊ से 14.40 बजे, कानपुर सेंट्रल से 16.10 बजे, टुण्डला से 20.35 बजे, आगरा फोर्ट से 21.10 बजे, बयाना से 22.32 बजे, गंगापुर सिटी से 23.52 बजे, दूसरे दिन सवाई माधोपुर से 01.22 बजे, कोटा से 03.10 बजे, नागदा से 06.02 बजे, रतलाम से 07.10 बजे, दाहोद से 09.02 बजे, गोधरा से 10.32 बजे, छायापुरी से 11.22 बजे तथा आणन्द से 12.14 बजे छूटकर अहमदाबाद 14.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 13, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, एसएलआर/डी के 02 कोचों सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

### बस्ती-प्रयागराज संगम मनवर संगम एक्सप्रेस का 02 मिनट का ठहराव

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा कुम्भ मेला-2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु 10 जनवरी से 28 फरवरी,2025 तक प्रस्थान करने वाली 14231/14232 प्रयागराज संगम-बस्ती-प्रयागराज संगम मनवर संगम एक्सप्रेस का 02 मिनट का ठहराव लखनऊ मण्डल के प्रयाग स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा । फलस्वरूप 14231 प्रयागराज संगम-बस्ती एक्सप्रेस प्रयाग स्टेशन पर 05.06 बजे पहुंचकर 05.08 बजे प्रस्थान करेगी । वापसी यात्रा में 14232 बस्ती प्रयागराज संगम एक्सप्रेस प्रयाग स्टेशन पर 19.40 बजे पहुंचकर 19.42 बजे प्रस्थान करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेनों का संचलन

गोरखपुर। धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन एवं छठ पूजा के अवसर पर रेल यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिये रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। विशेष ट्रेनों में 28 अक्टूबर, 2024 को सायं बर्थ/सीट की उपलब्धता निम्नवत है। वाराणसी सिटी से 29 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05056 वाराणसी सिटी-लालकुआँ विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 18, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 31, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 235 एवं शयनयान श्रेणी में 117 बर्थ उपलब्ध है। वाराणसी सिटी से 05 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05056 वाराणसी सिटी-लालकुआँ विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 17, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 18, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 242 एवं शयनयान श्रेणी में 58 बर्थ उपलब्ध है। वाराणसी सिटी से 12 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05056 वाराणसी सिटी-लालकुआँ विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 14, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 22 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 125 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 05 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 03132 गोरखपुर-सियालदह विशेष गाड़ी के शयनयान श्रेणी में 428 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 30 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 04043 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 05 एवं शयनयान श्रेणी में 795 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 06 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 04043 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 03 एवं शयनयान श्रेणी में 547 बर्थ उपलब्ध है। बलिया से 30 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 01026 बलिया-दादर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 21, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 113 एवं शयनयान श्रेणी में 243 बर्थ उपलब्ध है। बलिया से 01 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 01026 बलिया-दादर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 15 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 97 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 29 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 01028 गोरखपुर-दादर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 21 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 106 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 31 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 01028 गोरखपुर-दादर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 25, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 118 एवं शयनयान श्रेणी में 214 बर्थ उपलब्ध है। बनारस से 31 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 01054 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 351 एवं शयनयान श्रेणी में 534 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से 01 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 07652 छपरा-जालना विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 22, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 58 एवं शयनयान श्रेणी में 224 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 29 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 23 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 30 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 25 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 31 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 73 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 17 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05023 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 71 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 564 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 30 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05005 गोरखपुर-अमृतसर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 94 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 20 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05005 गोरखपुर-अमृतसर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 79 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से 01 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05049 छपरा-अमृतसर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 207 एवं शयनयान श्रेणी में 259 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 02 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05303 गोरखपुर-महबूबनगर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 97 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 16 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05303 गोरखपुर-महबूबनगर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 229 बर्थ उपलब्ध है। टनकपुर से 01 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05097 टनकपुर-दौराई विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 26 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 73 बर्थ उपलब्ध है। टनकपुर से 06 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05097 टनकपुर-दौराई विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 18 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 13 बर्थ उपलब्ध है। टनकपुर से 08 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05097 टनकपुर-दौराई विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 09 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 13 बर्थ उपलब्ध है। लालकुआँ से 17 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05045 लालकुआँ-राजकोट विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 39 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से 31 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05301 मऊ-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 75, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 382 एवं शयनयान श्रेणी में 477 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से 07 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05301 मऊ-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 67, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 79 एवं शयनयान श्रेणी में 449 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 31 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05325 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 63 बर्थ उपलब्ध है। लालकुआँ से 31 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 05060 लालकुआँ-हावड़ा विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 17, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 08 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 235 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 30 अक्टूबर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 09112 गोरखपुर-वडोदरा विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 12, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 59, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 306 एवं शयनयान श्रेणी में 261 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 20 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 09112 गोरखपुर-वडोदरा विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 12 एवं वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 14 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 01 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 04517 गोरखपुर-चंडीगढ़ विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 74, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 170, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 92 एवं शयनयान श्रेणी में 61 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 08 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 04517 गोरखपुर-चंडीगढ़ विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 50, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 104 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 44 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 15 नवम्बर, 2024 को प्रस्थान करने वाली 04517 गोरखपुर-चंडीगढ़ विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 94, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 155 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 97 बर्थ उपलब्ध है।

# आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में आयोजित हुआ जन-जागरुकता कार्यक्रम

(खरी कसौटी संवाद)



शाहजहांपुर। वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स की ओर से बड़ागांव(कुँवरगंज) स्थित आरएमएल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में मिशन शक्ति चरण-पांच के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया।कार्यक्रम में छात्र.छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के साथ ही साइबर क्राइम , नशा मुक्त , मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने नुकसान , कैरियर काउंसलिंग आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि सीओ ज्योति यादव व जिला प्रोवेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने उपस्थित सभी को अपने कर्तव्यों व दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलवाई।

डॉ.नन्दिनी सक्सेना ने महिला सशक्तिकरण, सर्वाइकल कैंसर, नशा मुक्ति डिप्रेशन, व अत्यधिक मोबाइल के उपयोग से बचाव आदि को लेकर जागरूक किया। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक नमिता यादव ने केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की साइबर क्राइम इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने साइबर क्राइम से बचाव हेतु विस्तार से जानकारी देते हुए भी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इंजीनियर सुमेधा गुप्ता ने कैरियर काउंसलिंग को लेकर बच्चों से बात कर उन्हें उचित सलाह प्रदान की।आरएमएल इंस्टीट्यूशन की चेयरमैन वर्षा गोस्वामी , ग्रुप उपाध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी सचिन बाथम, जिला प्रभारी नीतू गुप्ता, क्रिएटर अभिनय गुप्ता आदि ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम में इंसीटीयूट के छात्र.छात्राओं ने सामाजिक विषयों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शानदार प्रस्तुति से उपस्थित सभी का मन मोह लिया। कुछ विषयों पर सभी को झझकोर कर सोचने पर मजबूर भी किया।अंत में वीआईपी ग्रुप के संचालक अभिनय गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आरएमएल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन के डाक्टर नीरज कुमार, डाक्टर राजीव कुमार, रजनीश कुमार, अरविंद कुमार, हरविंदर सिंह, इन्द्रजीत वर्मा, अनन्या ओमर, नरेंद्र कुमार, नीरज कुमार, अनस हुसैन इदरीसी सहित सैकड़ों छात्र.छात्राएं व शिक्षकगण व सहायक स्टाफ मौजूद रहा।

# एक दिवसीय रोजगार मेले में चयनित किये गये 772 अभ्यर्थी

खरी कसौटी संवाद

विधायक नानपारा ने चयनित अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र

बहराइच। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं लॉर्ड बुद्धा पी.जी. कॉलेज रूपईडीहा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रोज़गार मेले का विधायक नानपारा श्री नाम निवास वर्मा ने पूर्व क्षेत्र पंचायत प्रमुख तथा विद्यालय के प्रबन्धक डॉ. हरीश चन्द्र, प्राचार्य डॉ. असीम शुक्ला व अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। रोज़गार में 17 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर साक्षात्कार के माध्यम से 772 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

रोज़गार मेले को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री वर्मा ने मौजूद लोगों को आसन्न त्यौहारों की शुभकामनाएं दी तथा चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है। समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करने वाले सभी लोगों ने अपनी शुरूआत शून्य से ही की है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को सुझाव दिया कि अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर पूरी प्रतिबद्धता और कठिन परिश्रम के साथ उसे हासिल करने का प्रयास करें। विधायक श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत युवाओं को नौकरी मिल रही है। उन्होंने रोज़गार मेले में मौजूद युवाओं का आहवान किया कि सेवायोजन कार्यालय अथवा अन्य संस्थानों द्वारा आयोजित रोज़गार मेले का भरपूर लाभ उठाएं। श्री वर्मा ने मौजूद युवाओं को सुझाव दिया कि सेवायोजन विभाग के रोज़गार संगम पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं तथा दूसरे साथियों को भी इसकी जानकारी दें। विशिष्ट अतिथि डॉ. हरीश चन्द्र ने रोज़गार मेले में आयी कम्पनियों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए आहवान किया कि आकाक्षी जनपद बहराइच के अधिकाधिक अभ्यर्थियों को रोज़गार का अवसर प्रदान करने में सहयोग प्रदान करें। डॉ. चन्द्र ने छात्र-छात्राओं को आहवान किया कि स्वयं भी जागरूक रहते हुए ऐसे आयोजनों का भरपूर लाभ उठायें।

जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में आईटीआई, पॉलिटेक्निक, हाई स्कूल, इण्टर एवं स्नातक स्तर के साथ-साथ सुरक्षा क्षेत्र से सम्बन्धित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से बच्चों का चयन किया जा रहा है। श्री कुमार ने मौजूद अभ्यर्थियों की करियर काउंसलिंग करते हुए सेवायोजन पोर्टल एवं रोजगार संगम पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति इन पोर्टलों पर पंजीकरण कराकर निजी क्षेत्र के साथ-साथ आउटसोर्सिंग भर्ती में भी आवेदन कर रोजगार हासिल कर सकते हैं। यंग प्रोफ़ेशनल भारत सरकार श्रीमती शादमा जबीं द्वारा उपस्थित अभ्यर्थियों का करियर काउंसलिंग करते हुए एनसीएस पोर्टल की जानकारी देते हुए पंजीकरण कराने का सुझाव दिया। रोज़गार मेले का संचालन शिक्षक ए.पी. श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर योगाचार्य दीपनरायन पाल व कालेज का समस्त स्टाफ, सेवायोजन कार्यालय के राम कुमार, मो. अजमल, रुकुम केश, पी.एम. शर्मा व नसीब सहित अन्य कार्मिक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व अभ्यर्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण भी किया गया।

## गड्ढा मुक्त सड़क अभियान के नाम पर धांधली: किसान नेता बोले- सरकारी पैसे का बंदर बांट करने में जुटे जिम्मेदार



पीलीभीत। सड़कों की हालत सुधारने के लिए सरकार ने गड्ढा मुक्त अभियान के तहत करोड़ों रुपए का बजट दिया था। इस अभियान के तहत कई एजेंसियों ने सड़कों को सुधारने का काम शुरू किया, लेकिन यह योजना जमीन पर कितनी सफल हुई, इसकी असलियत कुछ किसानों ने उजागर कर दी। किसानों का आरोप है कि इस योजना के नाम पर सरकारी पैसे की बर्बादी हो रही है। मामला शाहगढ़ से मथना जाने वाले रास्ते का है। जहां सड़क सुधारने का काम शुरू किया गया था। किसान नेता रणजीत सिंह ने अपने साथियों के साथ सड़क का निरीक्षण किया, तो पाया कि सड़क पर गड्ढे अभी भी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि 9 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर गड्ढों की वजह से किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। किसान नेताओं का कहना है कि ठेकेदार ने केवल कुछ छोटे गड्ढों को भरकर काम की औपचारिकता पूरी कर दी। जबकि सड़क की हालत अभी भी खराब है। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकारी धन का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। वे इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करेंगे। ताकि सरकारी पैसे का दुरुपयोग न हो।

# संक्षिप्त खबरें

## जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी का फीता काट किया उद्घाटन, सभी स्टॉलों पर जाकर उत्पादों को देखा

शाहजहांपुर। सोमवार को विकास भवन परिसर में स्वयं सहायता समूहों तथा बाल गृह के बच्चों द्वारा बनाए गए हैण्ड मेड उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काट कर किया। जिलाधिकारी ने लगायी गयी प्रदर्शनी में सभी स्टॉलों पर जाकर उत्पादों को देखा तथा उसके बनाने की विधि की जानकारी ली। उन्होने लोगो से अपील की कि दीपावली के पर्व पर जनपद के स्वयं सहायता समूहों से उत्पादों का क्रय करें जिससे उन्हे प्रोत्साहन मिले। जिलाधिकारी ने बाल गृह के बालकों द्वारा बनायी गयी वस्तुओं की सरहाना भी की। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि स्वयं सहायता समूहों एवं बाल गृह के बालको द्वारा बनायी गये हेण्डमेड उत्पादों की बिक्री के लिये व्यवस्था की जाए।इस दौरान सीडीओ डॉ अपराजिता सिंह, डीडीओ पवन कुमार सिंह, पीडीडीआरडीए अवधेश राम, डीपीओ गौरव मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, डीपीआरओ घनश्याम सागर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## घर के अंदर फंदे से झूल गई महिला

बहराइच। जनपद के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत विशुनापुर गांव में एक महिला का शव रविवार की रात को घर में ही फंदे से लटकता मिला है। घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत जनजातीय गांव विशुनापुर में रविवार की रात को उस वक्त हड़कंप मच गया जब घर के ही अंदर गांव निवासी 40 वर्षीय महिला मेनका पत्नी सुरेश का शव फंदे से लटकते पाया गया। महिला के पिता सुजौली के घूरे पुरवा निवासी राम नरेश पुत्र अहबली ने बताया कि उन्हें रविवार की रात को करीब 1 बजे सूचना मिली कि उनकी बेटी की मौत हो गयी है जिसके बाद वह मौके पर पहुचे तो बेटी को संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटकते पाया। उन्होंने बताया कि मृतक का पति बाहर दिल्ली मजदूरी करता है घर में उसकी बेटी मेनिका अपने तीन बच्चों के साथ रहती थी जो वारदात के समय पड़ोस के गांव में रिस्तेदारी में एक आयोजन में गयी हुई थी। मृतक के पिता व उसकी भतीजी नैंसी ने बताया कि घटना संदिग्ध है उन्होंने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है। थानाध्यक्ष हरीश सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही चौकी इंचार्ज राजकुमार यादव को मौके पर भेजा गया है शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और मामले में जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## महाराजगंज हिंसा: एसपी ने 29 को किया लाइन हाजिर

बहराइच। महाराजगंज हिंसा मामले में पुलिस अधिकारियों के बाद अब पुलिसकर्मियों पर भी गाज गिरना शुरू हो गया है। हिंसा मामले में एसपी वृंदा शुक्ला ने हरदी और राम गांव थाने के 29 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। जिसमें हेड कांस्टेबल और सिपाही शामिल है। लाइन हाजिर किए गए पुलिसकर्मियों के स्थान पर दूसरे पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई है। बता दें कि जिले के हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज में 13 अक्टूबर को एक धार्मिक जुलूस के दौरान हुए बवाल में एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई थी। इसके बाद 14 अक्टूबर को आगजनी और वाहन में तोड़फोड़ किया गया था। हिंसा को लेकर सीओ, थानाध्यक्ष, चौकी इंचार्ज और तहसीलदार पर कार्रवाई हो चुकी है। अब पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने 29 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी ने हरदी थाने के 14 और राम गांव थाने के 15 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर करते हुए लाइन में आमद दर्ज कराने के निर्देश किया है। इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। उनके स्थान पर पुलिस लाइन के 13 पुलिस कर्मियों को हरदी और 16 को राम गांव थाने में तैनाती मिली है।

## 16 नवम्बर तक निषिद्ध रहेंगे सभी प्रकार के अवकाश

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 29 अक्टूबर को धनतेरस, 30 को नरक चतुर्दशी, 31 अक्टूबर को दीपावली, 02 नवम्बर को गोवर्धन पूजा, 03 नवम्बर को भैयादूज, 07 नवम्बर को छठ पूजा एवं 15 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा, श्री गुरूनानक पर्व व भगवान महावीर निर्वाण दिवस तथा अयोध्या में दीपोत्सव, पंचकोसी तथा चौरासी कोसी परिक्रमा के दृष्टिगत सामाजिक/साम्प्रदायिक सौहार्द, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के निमित्त मण्डलायुक्त के निर्देशानुसार जनपद में 16 नवम्बर 2024 तक समस्त अधिकारियों का अवकाश तत्काल प्रभाव से निषिद्ध रहेंगे। डीएम ने बताया कि 16 नवम्बर 2024 तक समस्त अधीनस्थ कार्यालयों का प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक औचक निरीक्षण किया जायेगा। निरीक्षण में अनुपस्थित मिलने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। डीएम मोनिका रानी ने जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों, एसडीएम, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों तथा बीडीओ को ओदशित किया है कि 16 नवम्बर 2024 तक जनपद, तहसील, ब्लाक व ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कोई अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाय। समस्त अधिकारियों को सचेत किया गया है कि उपरोक्त आदेशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

## पीड़िता ने एसपी से की शिकायत: बोली- आरोपियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही, साथ गई वकील को भी बैठाया

शाहजहांपुर। एक पीड़िता ने चौक कोतवाली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एसपी को भेजे प्रार्थना पत्र में बताया कि 25 अक्टूबर को बच्चे के बाद दवा लेने गई थी। बेटे को पिज्जा खिलाने गई तो कुछ लोगों ने उसके बाद मारपीट की। बच्चे को भी चोट आई। वकील को साथ लेकर कोतवाली में शिकायत करने गई तो पुलिस ने मेरे वकील को थाने में बैठा लिया। बरेली मोड़ चौकी इंचार्ज ने गाली-गलौज करते हुए हल्की धाराओं में एफआईआर दर्ज की। इससे पहले भी आरोपी घटनाएं कर चुके हैं लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नही करती है। चौक कोतवाली क्षेत्र के एक कालोनी की रहने वाली महिला ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 25 अक्टूबर को बेटे के साथ दवा लेने गए थे। बेटे ने जिद की तो उसको पिज्जा खिलाने चले गए। तभी कुछ लोगों ने घेरने के बाद मारपीट करना शुरू कर दी डंडे और राइफल से पीटा गया। बेटे के भी चोट आई हैं। आरोप है कि कार्रवाई के लिए जब कोतवाली गए तो पुलिस ने उल्टा मेरे वकील को ही थाने में बैठा लिया। काफी गिड़गिड़ाने के बाद उन्होंने वकील को छोड़ा। बरेली मोड़ चौकी इंचार्ज ने गाली-गलौज करना शुरू कर दी। उसके बाद आरोपियों के खिलाफ हल्की धाराओं में एफआईआर दर्ज की। 20 अक्टूबर को आरोपी मेरे घर के अंदर गलत नीयत से घुस आए। चिल्लाने के बाद आरोपी मौका देखकर भाग गए। तब पीड़िता ने 1090 पर कॉल करके मदद मांगी लेकिन कहीं से कोई मदद नही की। 22 अक्टूबर को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। 8 सितंबर को भी कई लोग घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे थे। तभी भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। पीड़िता ने मांग की है कि आरोपियों पर सही धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए। चौक कोतवाली प्रभारी राजीव तोमर ने बताया कि महिला ने जो तहरीर दी थी। उसके आधार पर ही एफआईआर दर्ज की गई है।

# अंतराष्ट्रीय सेमिनार में डॉ. पुनीत मनीषी को मिला के. एस. अय्यर वाणिज्य गौरव सम्मान

(खरी कसौटी संवाद)



शाहजहांपुर। उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत एवं नोबल एकेडमी,पोखरा नेपाल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में द्वितीय तकनीकी सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे जी.एफ कॉलेज शाहजहांपुर के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पुनीत 'मनीषी' को सेमिनार में कार्यक्रम संयोजक प्रो. डॉ विनय गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद एडीजे, महाविद्यालय प्राचार्य दुष्यंत कुमार ने भारतीय लेखांकन के जनक 'के. एस. अय्यर वाणिज्य गौरव सम्मान' प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डॉ. मनीषी ने 'सतत विकास में वृद्धि और मानव विकास' विषय पर अपने विचार भी रखें।डॉ पुनीत मनीषी ने अभी तक लगभग 15 अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों में प्रतिभाग कर उसमें प्रस्तुत लेखों को विभिन्न जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं। कुछ माह पूर्व डॉ पुनीत 'मनीषी' ने नेपाल में हुई अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भी अपने विषय को रखा और वहां पर सम्मानित हुए डॉ. मनीषी की वाणिज्य विषय में छह बुक प्रकाशित हो चुकी है जो कि वाणिज्य में अध्यापन कर रहे बच्चों के लिए उपयोगी है। इसके साथ ही डॉ. मनीषी ने शाहजहांपुर के एस.एस कॉलेज में हुई अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भी अपना शोध पत्र पढा। इस सम्मान को प्राप्त करने पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ.मोहसिन हसन खान, प्रोफ़ेसर फैयाज अहमद, प्रोफ़ेसर मोहम्मद अरशद खान, डॉ. स्वप्निल यादव, सहयोग संस्था के संरक्षक शाहनवाज खां व प्रधान अनिल गुप्ता, ओंकार मनीषी के साथ विभाग के साथियों ने बधाई दी।

# भगवान श्रीराम की धूमधाम से निकली राजगद्दी शोभायात्रा

(खरी कसौटी संवाद)



कांट/शाहजहांपुर। श्री रामलीला मेला कमेटी के तत्वावधान में नगर में भगवान श्रीराम की राजगद्दी शोभायात्रा कई मनमोहक झांकियों व बैंडबाजों के साथ धूमधाम से निकाली गयी। शोभायात्रा को देखने के लिए सड़कों पर श्रद्धालुओं का जनसमूह उमड़ पड़ा। जगह-जगह पुष्प वर्षाकर तथा आरती उतारकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया नगर की ऐतिहासिक सुप्रसिद्ध रामलीला मेला में रावण वध लीला के बाद दूसरे दिन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की राजगद्दी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बग्घियों पर सजाई गईं भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, पवन पुत्र हनुमान, जामवंत, सुग्रीव, अंगद, भगवान शिव, पार्वती, ब्रहमा, सरस्वती, गणेश, कार्तिकेय, नारद, गुरू विश्वामित्र आदि देवी-देवताओं व महापुरूषों की मनमोहक झांकियों पर नागरिकों ने छतों व दरवाजों से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा राजगद्दी पूरे नगर मे घूमती हुई वापस रामलीला मेला मैदान में जाकर सम्पन्न हो गयी इस मौके पर श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राममुरारी मिश्रा,उपाध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा (मुन्ना मिश्रा), संजीव मिश्रा,गोविंद पांडे, सुरेश चंद्र सक्सेना,कुलदीप आचार्य, पंडित योगेश शर्मा,बिरजू मिश्रा,गंगाराम राठौर,राजदीप शर्मा,संजीव मिश्रा उर्फ लल्ला भैया, अभिषेक पांडे,राजीव शर्मा, विशाल सक्सेना,राजन शर्मा, सर्वेश कुमार वर्मा, संजीव गुप्ता,राजेश शर्मा,अमित मिश्रा,शिव प्रताप सिंह भदौरिया,लालू पंडित,लालजीत राठौर,पुष्पेन्द्र मिश्रा आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस रही मुस्तैद, नगर में निकलने वाली राजगद्दी शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह क्राइम प्रभारी निरीक्षक सत्य सिंह अपने पूरे पुलिस बल के साथ काफी मुस्तैद रहे।

# सुरक्षा के मद्देनजर बंद किए गए 'राम की पैड़ी की तरफ जाने वाले ये 17 मार्ग

खरी कसौटी ब्यूरो

अयोध्या। अयोध्या में आगामी 30 अक्टूबर को होने वाले भव्य दीपोत्सव आयोजन की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने सरयू नदी पर राम की पैड़ी की ओर जाने वाले 17 मार्ग बंद कर दिए हैं। साथ ही पुलिस ने राम की पैड़ी और राम पथ से जुड़ी सभी कलोनियों में रहने वाले लोगों के नाम की सूची तैयार की है। अयोध्या थाने के निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने सोमवार को बताया कि राम की पैड़ी से जुड़ी 17 सड़कों को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया गया है।

सिर्फ पास धारकों को ही इन रास्तों से गुजरने की अनुमति होगी। उन्होंने कहा कि राम की पैड़ी की तरफ जाने वाले सभी रास्तों पर अवरोधक लगा दिए गए हैं। सिर्फ घाटों पर तैनात किये गये स्वयंसेवक, दीपोत्सव कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों और पास धारकों को ही इन रास्तों पर प्रवेश मिलेगा। शर्मा ने बताया कि राम की पैड़ी की सुरक्षा को देखते हुए सभी 17 सम्पर्क मार्गों पर एक-एक दारोगा और चार-चार सिपाही तैनात किये गये हैं। उन्होंने बताया कि राम की पैड़ी से सटे इलाकों में रहने वाले लोगों से खासतौर पर आग्रह किया गया है कि वे दीपोत्सव वाले दिन प्रतिबंधित गलियों से ना गुजरें और ना ही अपने घरों की छतों पर जाएं। इसके लिये इलाके की सभी ऊंची इमारतों पर सुरक्षाकर्मी तैनात किये जाएंगे।

आगामी 30 अक्टूबर को छोटी दीपावली के अवसर पर राम की पैड़ी तथा अन्य घाटों पर 28 लाख दीये जलाकर नया विश्व रिकर्ड बनाने की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। घाट प्रभारी और समन्वयक नियमित रूप से दीयों को घाट पर व्यवस्थित तरीके से रख रहे स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, हर दीये में 30 मिलीलीटर सरसों का तेल भरा जाएगा और इस प्रक्रिया की सावधानीपूर्वक निगरानी की जाएगी। दीयों की व्यवस्था सोमवार शाम को मुकम्मल हो जाएगी। उसके बाद 29 अक्टूबर को दीयों की गिनती होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में अयोध्या में यह आठवां दीपोत्सव कार्यक्रम होगा। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल एवं अयोध्या बाईपास पर सरयू इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार देव दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कनक की डायरेक्टर ड मधु त्रिपाठी, प्रिंसिपल प्रीति सिंह और सरयू इंटरनेशनल के चेयरमैन ड संजय तिवारी, प्रिंसिपल सोनल शुक्ला, वाइस प्रिंसिपल प्रगति, काउंसलर ए.न. तिवारी ने विघ्नहर्ता भालचंद्र और धन की देवी श्रीकमला रानी के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। एक तरफ कनक में बच्चों द्वारा दीपावली उत्सव पर नृत्य कला के माध्यम से मनमोहक प्रदर्शन कर अपनी खुशियों को जाहिर किया तो दूसरी तरफ सरयू इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे राम आगमन पर नृत्य, सजा दो घर को गुलशन सा गीत गाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दोनों संस्थाओं के संस्था प्रमुखों ने अध्यापकों और बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कनक की टीम में अंजलि, आकांक्षा, शालू, अनामिका, प्रिया सिंह, शिल्पी, श्रेया, अलका, सोनिका आदि शामिल रहीं।

# संक्षिप्त खबरें

## भरत मिलाप व राम राज्यभिषेक की लीला का हुआ भव्य मंचन

कांट/शाहजहांपुर। नगर के मोहल्ला पट्टी (नवीपुर प्रथम) देवेंद्र नाथ शर्मा ,पंडित योगेश शर्मा के आवास पर श्रीराम भरत मिलाप का भावपूर्ण अद्भुत मंचन देखकर वहां मौजूद श्रोताओं की आंखें नम हो गई, गणेश वंदना के साथ श्रीरामलीला का मंचन हुआ रावण कुम्भकर्ण वध के बाद श्रीराम लक्ष्मण को लंका भेजकर विभीषण का राजतिलक करवाते हैं और हनुमान जी को अशोक वाटिका में सीता को लेने भेजते हैं और श्री राम लक्ष्मण से अग्नि का प्रबन्ध करने को कहते हैं कि सीता अग्नि परीक्षा के उपरांत ही मुझसे मिलेगी उनकी इस बात पर लक्ष्मण क्रोधित हो उठते हैं तब श्रीराम उन्हें समझाकर शांत करते हैं हनुमान जी माता सीता को लेकर आते हैं अग्नि परीक्षा के उपरांत पुष्पक विमान से राम लक्ष्मण सीता सुग्रीव हनुमान विभीषण सब अयोध्या के लिये चलते है मार्ग में ऋषि भारद्वाज का आशीर्वाद लेकर और मित्र गुह राज से मिलते हैं माता सीता गंगा जी की पूजा करती हैं और हनुमान नंदी ग्राम में पहुंचकर भरत को शुभ समाचात देते है कि श्री राम अयोध्या लौट रहे हैं यह सुनकर पूरी अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ पड़ती हैं और पुरवासी नाचते गाते खुशी मनाते हैं और भगवान श्रीराम और भरत का मिलाप होता है और श्रीराम गुरु वाशिष्ठ और तीनों माताओं से मिलते हैं तब गुरु वशिष्ठ उनके राजतिलक के लिये कहते हैं और अयोध्या में प्रभु श्री राम का राजतिलक होता हैं इसी के साथ रामलीला मंचन का समापन होता है इस अवसर पर श्रीरामलीला कांट कमेटी के अध्यक्ष राममुरारी मिश्रा, उपाध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा, संजीव मिश्रा,गोविंद पांडे, सुरेश चन्द्र सक्सेना,पंडित योगेश शर्मा,पुष्पेन्द्र मिश्रा,कुलदीप आचार्य, राजदीप शर्मा,अभिषेक पांडे, अमित मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ये दिवाली माई भारत वाली अंतर्गत स्वच्छता और यातायात कार्यक्रम आयोजित किया

शाहजहांपुर। जी एफ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ''ये दिवाली माई भारत वाली'' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता और यातायात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय से खिरनीबाग चौराहे तक स्वच्छता और यातायात के प्रति राहगीरों को जागरूक करते हुए रैली निकाला।स्वयंसेवियों ने चौराहे पर दुपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट लगाने और कार चालकों को सीट बेल्ट बांधने तथा यातायात नियमों के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी डॉ कौसर जमाल,डॉ समन जहरा ज़ैदी, डॉ रजा रसूल के नेतृत्व में सूरज, नीलेश, अभिनव, सुषमा,करीना, सुमबुल आदि स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

## त्यौहारों के दृष्टिगत स्थापित होगा कन्ट्रोल रूम

बहराइच। आसन्न त्योहारों को धार्मिक आयोजन हेतु शासन द्वारा निर्गत गाईडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी कलेक्ट्रेट परिसर आपदा कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कन्ट्रोल रूम का नम्बर 05252-230132 है। आपदा कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम 30 अक्टूबर से 01 नवम्बर 2024 तक राउण्ड-द्-क्लाक संचालित रहेगा। कन्ट्रोल रूम के सफल संचालन के लिए 03 पारियों में 02-02 कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गई है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रथम पाली प्रातः 08:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक एसीआरए वेदान्त बाजपेयी मो.न. 7007352311 व राजस्व लेखपाल बशीरूद्दीन मो.न. 9839858662, द्वितीय पाली अपरान्ह 04:00 बजे से मध्य रात्रि 12:00 बजे तक एसीआरए शिवेन्द्र मिश्र मो.न. 9555279233 व उर्दू अनु. प्रतिलिपिक मो. मुस्लिम मो.न. 9415778315 तथा तृतीय पाली मध्यरात्रि 12:00 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक राजस्व लेखपाल आशीष कुमार मो.न. 9792022899 व राजस्व लेखपाल मो. मुदस्सिर मो.न. 9616990441 को तैनात किया गया है।

## डीएम ने 16 नवंबर तक कर्मचारियों के अवकाश किए निरस्त पर्वों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के निर्देश

बहराइच। आगामी पर्वों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने 16 नवंबर तक जिले के अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश लेने पर रोक लगा दी। इसका पालन न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी हैं। डीएम ने बताया कि आगामी पर्वों 29 अक्टूबर को धनतेरस, 30 को नरक चतुर्दशी, 31 अक्टूबर को दीपावली, 02 नवम्बर को गोवर्धन पूजा, 03 नवम्बर को भैयादूज, 07 नवम्बर को छठ पूजा एवं 15 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा, गुरुनानक पर्व व भगवान महावीर निर्वाण दिवस तथा अयोध्या में दीपोत्सव, पंचकोसी तथा चौरासी कोसी परिक्रमा को लेकर सामाजिक/साम्प्रदायिक सौहार्द व कानून व्यवस्था को लेकर अवकाश पर रोक लगाई गई है। इस दौरान कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण में अनुपस्थित मिलने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों, एसडीएम, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों तथा बीडीओ को आदेशित किया, कि 16 नवम्बर 2024 तक जनपद, तहसील, ब्लाक व ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का कोई अवकाश स्वीकृत न किया जाए। समस्त अधिकारियों को सचेत किया गया है कि उपरोक्त आदेशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

## किसान कल्याण महासभा ने किया प्रदर्शन: बोले- तौल के नाम पर किसानों से हो रही वसूली, नहीं मिल रही है खाद

शाहजहांपुर। किसान कल्याण महासभा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर नारेबाजी की। पदाधिकारियों ने चार सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन को देकर बताया कि आलू, सरसों और गेहूं बुआई का समय है। डीएपी और एनपीके खाद की कालाबाजारी की जा रही है। आरोप है कि जलालाबाद की गल्ला मंडी में तौल के नाम पर किसानों से अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों से भी ठगी की गई है। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि 11 नवंबर तक मांग पूरी नहीं हुई तो जलालाबाद तहसील में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। किसान कल्याण महासभा के जिलाध्यक्ष रिजवान खां ने बताया पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर बताया कि आलू, सरसो और गेहूं की बुआई का समय है। जिसमे डीएपी और एनपीके खाद की आवश्यकता होती है। बड़े दुकानदार और सोसाइटी द्वारा निर्धारित मूल्य से ज्यादा में बेच रहे हैं। बड़े दुकानदारों ने अपने गोदाम में खाद का भंडारण कर रखा है। जलालाबाद मंडी में तौल के नाम पर किसानों से अवैध वसूली की जा रही है। व्यापारी के पल्लेदारों का भुगतान भी किसानों से वसूला जा रहा है। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। नगर पंचायत अल्हागंज से जलालाबाद फर्रुखाबाद मार्ग की दूरी 25 से 30 किलोमीटर की होगी, लेकिन कोई सेंटर नही है। जनता को इतनी दूरी तय करना पड़ती है। लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### टूटे हुए तार को ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति किया शुरू

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र हलिया से संचालित आपूर्ति एक माह से विद्युत पोल व तार टूटकर गिर जाने से उच्च प्राथमिक विद्यालय व मुनि अगस्त महिला महाविद्यालय की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी थी। शिकायत के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा आपूर्ति बहाल नहीं किया जा रहा था की दैनिक समाचार पत्रों ने अपने 27 अक्टूबर के अंक में विद्युत पोल तार टूटकर गिरने से उच्च प्राथमिक विद्यालय व मुनि अगस्त डिग्री कलेज की आपूर्ति बाधित शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया जिस पर विद्युत विभाग के उपखण्ड अधिकारी उत्कर्ष चंद्रा व अवर अभियंता दयाशंकर प्रजापति ने प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए टूटे पोल व तार को रविवार की समय मरम्मत कार्य कराते हुए विद्युत आपूर्ति को बहाल करा दिया है। इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत कुमार यादव ने बताया की दैनिक समाचार पत्र ने समस्या की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया जिससे विद्युत विभाग ने खबर को संज्ञान में लेते हुए टूटे पोल व तार को ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति को बहाल करा दिया है वंही महाविद्यालय के संतोष दत्त त्रिपाठी ने बताया की एक महीने से विद्युत आपूर्ति बाधित थी विद्युत विभाग से शिकायत करने के बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं किया जा रहा था।

### सर्वर अपडेट होने से आर्यावर्त बैंक में नहीं हो रहा खाता में एनपीसीआई

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के बरी स्थित आर्यावर्त बैंक शाखा हलिया का सर्वर अपडेट होने से एक महीने से बैंक के खाता धारको के खातो में एनपीसीआई नही होने से मनरेगा श्रमिको, निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन के धारको के खातो में पैसा नही आ पा रहा है। साथ ही छात्र छात्राओ का छात्रवृत्ति फार्म नही भर पा रहे है खाता में एनपीसीआई कराने के लिए बैंक शाखा पर पंहुच रहे है लेकिन सिस्टम में एनपीसीआई सर्वर नही काम करने से बैंक कर्मियों द्वारा बिना खाता में एनपीसीआई करे खाताधारको को वापस कर दिया जा रहा है। आर्यावर्त बैंक शाखा मे सबसे ज्यादा खाता श्रमिको का है लेकिन बैंक में एनपीसीआई सर्वर अपडेट होने पर खाता में एनपीसीआई नही होने पर खाता धारको के खाते में भुगतान नही आ रहा है। मनरेगा मजदूरी, निराश्रित, वृद्धा पेंशन, छात्रवृत्ति फार्म के लिए खाता में एनपीसीआई कराना अनिवार्य कर दिया है लेकिन खातो में एनपीसीआई नही होने पर खाताधारको को काफी परेशानियो का सामना करना पड रह है। हजारो खाताधारको के खातो में अभी तक एनपीसीआई नही हुआ है जिस पर खाताधारक प्रतिदिन एनपीसीआई के लिए शाखा पर पंहुच रहे है।

### कम्पोजिट विद्यालय के तीन कमरों का ताला तोड़कर चोरी

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बसुहरा गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय के तीन कमरों का रविवार की रात्रि में चोरो ने ताला तोड़कर उसमे रखा सामान चुरा ले गये सुबह से विद्यालय पहुँचे प्रभारी प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में चोरी होने की सूचना स्थानीय पुलिस को तहरीर के माध्यम से दे दिया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। कम्पोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्याम मोहन ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर बताया है की रविवार की रात्रि में चोरो ने विद्यालय के तीन कमरों का ताला तोड़कर उसमे रखे दस कुर्सी, दो दरी, विज्ञान किट का सामान, पचास थाली, पचास गिलास, दो डेग, दो गैस चूल्हा, टीएलएम स्पोर्ट का सामान, बड़ी कढ़ाई इत्यादि सामान चुरा ले गये है। सुबह से विद्यालय पहुंचने पर कमरों का ताला टुटा हुआ देखकर कमरे में जाने पर सामान बिखरा हुआ देखकर चोरी की जानकारी हुई सूचना दे रहा हूँ। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई गई। इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक श्याम मोहन ने बताया है की विद्यालय के तीन कमरों का ताला तोड़कर चोरो ने कमरों में रखा सामान कुर्सी, बर्तन, विज्ञान किट, आदि चुरा ले गये है।

### स्कार्पियो ट्रक से भिड़ी, एक दर्जन लोग घायल

अहरौरा (मिर्जापुर)। जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह तेज रफ्तार स्कार्पियो ट्रक के ओवरटेक करनेके कारण दुर्घटना में 11 लोग घायल होगए। घायलों मेंतीन की हालत गंभीर होनेके कारण ट्रामा संेटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। छत्तीसगढ़ के ग्राम जराडीह डीहथाना बलरामपुर निवासी 11 लोग स्कर्पियों सेगंगा मेंअस्थि विसर्जित के लिए वाराणसी जा रहे थे। वाराणसी शक्तिरोड पर अहरौराहनुमान घाटी मेंतेज रफ्तार स्कर्पियो ट्रक सेपास लेनेके चक्कर मेंट्रक मेंबगल से घुस गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचेएंबुलेंसचालक शैलेन्द्र यादव सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहरौरा पहुंचाया। जहां सभी का उपचार किया, लेकिन तीन की स्थिति गंभीर होने के कारण ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह नेबताया की भोर का समय होने के कारण ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

# प्राचीनकाल से मौजूद टांडा चौक घंटाघर का कार्य अधूरा

खरी कसौटी ब्यूरो



अम्बेडकरनगर। जनपद की ए श्रेणी दर्जा प्राप्त नगर पालिका ने बोर्ड की बैठक में प्राचीनकाल से मौजूद टांडा चौक घंटाघर के सौंदरीकरण एवं मरमत कराए जाने हेतु निर्माण कार्य का लगभग 13 लाख से अधिक का बजट दो वर्ष पूर्व पास किया था। इसी क्रम में उपरोक्त निर्माण कार्य किए जाने का जिम्मा एक पंजीकृत फार्म के ठेकेदार को दिया गया लेकिन प्राचीन काल से मौजूद टांडा चौक घंटाघर के मरमत एवं सौंदरीकरण निर्माण कार्य अपनी दुर्दशा पर आंसु बहाने पर लाचार दिखाई दे रहा हैं।

उल्लेखनीय हैं कि शिकायतकर्ता डॉ अंकित ने मुख्यमंत्री से शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि टांडा नगर क्षेत्र में प्राचीन काल से मौजूद चौक घंटाघर के मरमत एवं सौंदरीकरण निर्माण कार्यो के लिए बीते दो वर्षों पहले टांडा नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में 13 लाख 57 हजार रूपए से बजट पेश किया गया था जो बोर्ड बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पास किया गया। और उपरोक्त स्थल के मरमत और सौंदरीकरण निर्माण कार्य का ठेका भी पंजीकृत फार्म शिव कुमार गुप्ता के प्रोपराइटर ठेकेदार को मिला उक्त ठेकेदार ने मात्र प्लास्टर का कार्य कर के निर्माण मानक के अनुसार पूरा नहीं किया गया जो अनियमितता की श्रेणी में आती हैं।

शिकायत कर्ता का आरोप है कि चौक घंटाघर टांडा के मरमत एवं सौंदरीकरण निर्माण कार्य को 13 लाख 57 हजार रुपए के भारी भरकम राशि से दो वर्ष पूर्व मात्र 60 दिनों में वर्षा ऋतु से पहले ही निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए संबंधित संस्था ने अनुबंध किया था उक्त अनुबंध में ठेकेदार को मानक के अनुसार टांडा चौक घंटाघर कि नवनिर्माण छत की ढलाई करने का भी आदेश दिया गया था। लेकिन पालिका टांडा के पंजीकृत फर्म शिव कुमार गुप्ता के प्रोपराइटर ठेकेदार ने मात्र चौक घंटाघर के सौंदरीकरण निर्माण कार्य में प्लास्टर कर के कार्य सीमित करते हुए इतिश्री ले ली गई लेकिन शिकायत कर्ता की शिकायत के बाद नगर पालिका परिषद टांडा के अधिकारीगण संबंधित ठेकेदार के बचाव में खड़े हो गए। ज्ञातव हो कि उपरोक्त प्रकरण में निर्माण कार्य देख रहे नगर पालिका जे. ई. नितिस कुमार मौर्या ने बताया कि मुझे एक से डेढ़ महीने ही हुए हैं आए लेकिन मैने जो पत्रावली में जांच की उसके अनुसार अभी तक उपरोक्त सौंदरीकरण निर्माण कार्यों का बजट पंजीकृत फार्म शिव कुमार गुप्ता के पक्ष में पालिका द्वारा निर्गत नहीं किया गया है और उनको उपरोक्त कार्य पूर्ण करने हेतु नोटिस जारी किया गया है उन्होंने कहा कि टांडा चौक घंटाघर भीड़ - भाड़ वाला स्थान होने के साथ इधर गत दो महीनों से कोई न कोई पर्व चल रहा हैं जिस कारण भी निर्माण कार्य किया जाना संभव नहीं हो पा रहा हैं।

जो भी हो उपरोक्त प्रकरण में शिकायत कर्ता ने मुख्यमंत्री से पुनः शिकायत दर्ज कराते हुए मांग की हैं कि नियम और शर्तो का उल्लंघन करने वाली कार्यदाई संस्था कि सिक्यूरिटी मनी जब्त करते हुए ब्लैकलिस्टेड करने के क्रम में कार्यवाही संपादित होनी चाहिए शिकायत कर्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार प्रभावशाली व्यक्तित्व का धनी है। उसके खिलाफ शिकायत होने पर नगर पालिका परिषद टांडा के अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने प्रभाव में लेकर अपने पक्ष में रिपोर्ट लगवा कर जिला अधिकारी को ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को भी भ्रमित करता है। उन्होंने पंजीकृत फर्म शिव कुमार गुप्ता के प्रोपराइटर ठेकेदार सहित गलत काम में सहयोग दर्ज कराने वाले नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों पर भी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। उपरोक्त प्रकरण के बाबत शिव कुमार गुप्ता फर्म के जिम्मेदार मनीष गुप्ता के बड़े भाई पिंटू गुप्ता ने बताया कि मेरी फर्म ने चौक घंटाघर के सौंदरीकरण निर्माण कार्यों का ठेका लिया है जिसे किन्हीं कारणों से पूरा नहीं कराया जा सका और उक्त निर्माण के बाबत अभी तक हमारी फर्म को एक रुपए भी निर्गत नहीं किए गए हैं।

लेकिन मैने अपना जवाब नोटिस मिलने के उपरांत पालिका प्रशासन को दे दिया है। त्योहारों के पर्व समाप्त होते ही कार्य पूर्ण कर दिए जाएंगे। वही नगर पालिका परिषद टांडा के जे. ई निर्माण नीतीश मौर्या ने बताया कि मैने शिकायत कर्ता को लिखित जवाब दिया है उक्त कार्य के बाबत अभी एक भी रुपए निर्माण से संबंधित पंजीकृत फर्म को नहीं निर्गत किया गया है भारी भीड़ - भाड़ चौक घंटाघर टांडा पर मौजूद रहती है और अभी 2 महीना से लगातार किसी न किसी पर्व एवं त्यौहार होने के कारण अधिक मात्रा में आवागमन लगातार बना हुआ है जिस कारण अभी निर्माण कराया जाना संभव नहीं है त्योहार खत्म होने के उपरांत निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# हंसी खुशी मनाएं त्योहार, कोतवाली देहात पुलिस सुरक्षा के लिए तैयार



खरी कसौटी ब्यूरो

त्योहारों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने संभाली कमान

सुलतानपुर। दुर्गापूजा महोत्सव आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में सफल देहात कोतवाली पुलिस अब धनतेरस, दीपावली व छठ का पर्व सफलतापूर्वक निपटाने के लिए जुट गयी है। सोमवार को कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी लंभुआ मृदुल मयंक की अध्यक्षता और पुलिस क्षेत्राधिकारी लंभुआ अब्दुस्सलाम खान की मौजूदगी में सुरक्षा को लेकर संभ्रांतजनों के साथ बैठक हुई। लोगों को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि सभी लोग त्योहार हंसी खुशी के साथ मनाएं। व्यापारी अपना व्यवसाय निर्भीक और निडर होकर करें। पुलिस पब्लिक सुरक्षा के लिए तैयार है। कहीं भी किसी को कोई दिक्कत महसूस होती हैं तो तत्काल पुलिस को सूचना दे, हर संभव उसे सुरक्षा प्रदान किया जाएगा।

इस दौरान उन्होंने कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिंह को बीट सिपाहियों के जरिए हुड़दंगी किस्म के लोगों पर कडी़ नजर रखने की बात कही। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कोई मुरौवत न की जाय, उनके खिलाफ कार्यवाही अवश्य होनी चाहिए। उपजिलाधिकारी ने भी जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, कांस्टेबल संतोष यादव, अपराध निरोधक समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह, सचिव राम केवल वर्मा, आशीष वर्मा, जेएन वर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा समाज के प्रगति और विकास की गारंटी के साथ काम कर रही: धर्मेंद्र सिंह

खरी कसौटी ब्यूरो



अंबेडकर नगर। कटेहरी उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए भाजपा नेता और कार्यकर्ता लगातार क्षेत्र की जनता से सम्पर्क कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।सोमवार को कटेहरी विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सभाओं की गांवों में भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद,जिले के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जय नाथ सिंह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमण कर चौपाल और सम्पर्क के माध्यम से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह ने केदार नगर मण्डल में पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय,भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ रजनीश सिंह,रमेश चंद्र गुप्ता,प्रधान अंकित पाण्डेय के साथ भाजपा नेता अजीत सिंह के आवास पर आयोजित चौपाल में कहा कि भाजपा ही एक मात्र राजनैतिक दल है जो देश के साथ ही समाज के प्रगति और विकास की गारंटी के साथ काम कर रही है।कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व केंद्र सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जब से भाजपा की सरकार बनी है। तब से देश का विकास तीव्र गति से आगे बढ़ता जा रहा है और समाज के अन्तिम पायदान पर निवास करने वाले गरीब परिवारों, किसानों,महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सीधे लाभ प्राप्त हो रहा है। कहा कि विकास की पहिया सत्तासीन दल के माध्यम से ही आगे बढ़ता है। कहा कि कटेहरी विधान सभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी धर्म राज निषाद के चुनाव जीतने पर क्षेत्र की चहुमुखी विकास होगा।उन्होंने भीटी मण्डल की चुनावी कार्यालय का उद्घाटन मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह के साथ किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने मंडल प्रभरी के के मिश्र के साथ ग्राम पंचायत महमदपुर,असगंवा,परवरभारी, दुल्लापुर, हृदयपुर में और जिला भाजपा प्रभारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पदमसेन चौधरी ने नंदापुर, हिलालपुर, हूंसेपुर, ताजपुर समहरिया,दानपुर और भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद ने पिलखाँवाँ,चांदपुर महमूदपुर, शाहपुर परासी में जन जन से सम्पर्क कर समर्थन मांगा।

### सोबिस्को कप: विजेता बनी जेसीए क्रिकेट अकादमी राजातालाब वाराणसी

चुनार (मिर्जापुर)। सोबिस्को कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम मेड़िया, चुनार, मिर्जापुर के ग्राउंड पर आयोजित किया जा रहा हैं। फाइनल मुकाबला आर्दश विवेक क्रिकेट अकादमी और जे, सी, ए, क्रिकेट अकादमी राजातालाब, वाराणसी के बीच खेला गया।आर्दश विवेक क्रिकेट अकादमी टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 93 रन बनाएं।94 रन के लक्ष्य का पिछा करते हुए 8 विकेट से विजयी हुईं। मैन आफ द मैच ओम वर्मा को और मैन आफ द सीरीज ओम प्रकाश बिंद को दिया गया।विजेता टीम को ग्यारह हजार रूपए नगद पुरस्कार राशि, अग्रवाल कलेक्शन के अनर पंकज अग्रवाल जी के द्वारा दिया गया। उपविजेता टीम को पांच हजार रूपए नगद पुरस्कार राशि प्रधान संघ अध्यक्ष दिनेश चौबे के द्वारा दिया गया। विजेता टीम को ट्राफी प्रवीन सिंह और बृजेश चतुर्वेदी के द्वारा दिया गया। उपविजेता टीम को ट्राफी गौतम सिंह और रजत सिंह के द्वारा दिया गया। पत्रकार बंधु कविंद्र साहू, शाहिद, शैलेश, अनिल मिश्रा, जितेंद्र श्रीवास्तव, रूपेश पाण्डेय आयोजक ज्योतिप्रकाश सिंह, अमित चतुर्वेदी, गौतम सिंह, रजत सिंह, प्रवीण सिंह, अंपायर छोटू यादव, अंशु यादव, स्कोरर शौर्य सिंह, उपमा सिंह,कमेंटेटर, नमन चतुर्वेदी,सहायक बंधु राजा मौर्या, सुभम सिंह, सौरभ सिंह, मौजूद रहे।

### कार चालक ने साइकिल सवार वृद्ध को मारी टक्कर, मौत

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग समौती गांव में सोमवार की दोपहर ड्रमंडगंज की ओर से आ रहे तेजगति कार बेलेनो चालक ने सामने से आ रहे दो साइकिल सवारो को टक्कर मारने के बाद मोपेड सवार अधेड को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी मोपेड सवार अधेड समौती नाला में जा गिरा जिससे अधेड की मौत हो गई जबकि साइकिल सवार दोनो लोग घायल हो गये। मौके पर पंहुची पुलिस ने अधेड के शव को नाला से बाहर निकालकर प्राथमिक स्वास्थय केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया हैं। वहीं इससे इतर थाना क्षेत्र के अहुगी कला स्थित अदवा मुख्य नहर सुलिस के पास सोमवार तीन बजे दिन ट्रैक्टर से पास लेने के दौरान सामने से आ रहे दो बाइकों में आमने सामने जोर दार टक्कर हो गया जिसमें एक बाइक सवार एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुचे परिजन निजी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जहाँ चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

# भाजपा के सपने को चूर करेगा गठबंधन: श्याम पाल

खरी कसौटी ब्यूरो



मिर्जापुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का मझवांविधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह स्वागत किया गया। मझवां क्षेत्र पहुंचे श्री पाल ने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित,अल्पसंख्यक) की मजबूती ही भाजपा को सत्ता से दूर करेगा।मझवां क्षेत्रके बँधवा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की सुरक्षा, बेरोजगारों को रोजगार, किसानों को एमएसपी, महिलाओं की सुरक्षा, पुरानी पेंशन, किसानों की कर्ज माफी, गरीबों को निःशुल्क इलाज जैसे मुद्दों को लेकर ही गठबंधन चुनाव मैदान में है। प्रदे महासचिव श्रीप्रकाा राय उर्फलल्लन राय ने कहा कि भाजपा राज में मँहगाई बेलगाम हुई है। शासन प्राासन बौना साबित हो रहा है। अधिकारी मनमानी कर रहे है। सत्ता का कोई डर उनके अन्दर दिखाई नही दे रहा है। ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेकने के लिये हमे एकजुट होकर आगे आना होगा। मझवां विधानसभा के प्रभारी व चन्दौली के सांसद विरेन्द्र सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा और उसका एनडीए गठबंधन मंदिर मस्जिद, हिंदू मुसलमान में अटका हुआ है। उसे देश के आम आदमी की मूलभूत समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। जनसभा की अध्यक्षता कर रहे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि सपा गठबंधन की प्रत्याी की जीत तय है। जनसभा को सम्बोधित करने वालो में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह पटेल,पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, रमो चन्द्र बिन्द, झल्लू यादव, जगदम्बा सिंह पटेल, प्रभु नारायण यादव, लक्का यादव आदि शामिल थे।

# विधिक सेवा का अधिकार आदि पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खरी कसौटी ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रेषित एक्शन प्लान 2024-2025 के क्रियान्वयन के क्रम में राम सुलीन सिंह, जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत विभिन्न प्राविधानों जैसे कि दहेज प्रतिषेध कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005, लैंगिक अपराधों से संरक्षण, कार्यस्थल पर यौन शोषण संबंधी अधिनियम, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, गिरफ्तारी से पूर्व गिरफ्तारी के समय एवं उनके बाद महिलाओं, बालिकाओं के अधिकार संबंधी प्रावधान व कानून, पूर्वगर्भाधान और प्रसवपूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 12 के अन्तर्गत निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने का अधिकार आदि विषयों पर विधिक साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सुन्दर लाल रामा कालेज ऑफ नर्सिंग, राहुल नगर कालोनी, अकबरपुर, में किया गया। उक्त विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर में भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुतूल ज़ेहरा, असिस्टेंट, लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिल, डा0 सुधीश एस0, प्राचार्य, सुन्दर लाल रामा कालेज ऑफ नर्सिंग, नमिता विश्वकर्मा, सेन्टर मैनेजर, वन स्टाप सेन्टर, सुषमा मौर्या उपनिरीक्षक महिला थाना , पुष्पा पाल, पी0एल0वी0, जिविसेप्रा के कर्मचारीगण, पीएलवी सुन्दर लाल रामा कालेज ऑफ नर्सिंग, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्राएं उपस्थित रही। मिशन शक्ति विषय पर आयोजित विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण करते हुये किया गया। विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का संचालन पुष्पा पाल, पराविधिक स्वंय सेवक, द्वारा किया गया। सुश्री बुतूल ज़ेहरा, असिस्टेण्ट, लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिल द्वारा महिलाओं के विरूद्ध अपराध जैसे, एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, आई0पी0सी0 के तहत किसी भी प्रकार का यौन हमला, मानव तस्कारी, कूररता, और आई0पी0सी0 तथा दहेज अधिनियम के तहत दहेज उत्पीड़न के विषय में बताया गया। सुश्री सुषमा मौर्या, उपनिरीक्षक, महिला थाना, द्वारा मिशन शक्ति मिशन मोड एवं महिलाओं की सहायता हेतु संचालित हेल्पलाईन न0 112, 1090 एवं 1076 के बारे में भी बताया गया तथा नमिता विश्वकर्मा सेन्टर मैनेजर, वन स्टाप सेन्टर द्वारा महिलाओं के हितार्थ संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विधिक जागरूकता/साक्षरता शिविर का समापन भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन किया गया एवं ''मिशन शक्ति'' कार्यक्रम की भूमिका व उद्देश्यों पर भी बात की गई। अपर जिला जज/सचिव द्वारा बताया गया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम,

## संक्षिप्त खबरें

### लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज मेरठ के एनेस्थीसिया विभाग के रेजिडेंट डॉक्टरों ने कांफ्रेंस में प्रथम पुरस्कार जीता

मेरठ। लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज, मेरठ के एनेस्थीसिया विभाग के रेजिडेंट डॉक्टरों ने प्रतिष्ठित सेंट्रल जोन एनेस्थीसिया कांफ्रेंस में प्रथम पुरस्कार जीतकर कॉलेज और विभाग का नाम रोशन किया है। कांफ्रेंस का आयोजन 26-27 अक्टूबर, 2024 को झांसी में किया गया था, जिसमें पूरे क्षेत्र के कई मेडिकल संस्थानों ने हिस्सा लिया। कॉन्फ्रेंस में मेरठ के कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर, डॉ राधिका और डॉ नम्रता ने अपनी शानदार मौखिक प्रस्तुति से प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि न केवल उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाती है, बल्कि मेडिकल कॉलेज के एनेस्थीसिया विभाग की उच्च गुणवत्ता और उत्कृष्टता को भी प्रमाणित करती है। इस उपलब्धि पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर.सी. गुप्ता ने विभागाध्यक्ष डॉ विपिन धामा और संकाय सदस्य डॉ सुभाष दहिया, डॉ योगेश माणिक, डॉ स्वेता, डॉ प्रमोद चंद, डॉ गौरव और डॉ नवनीत को बधाई दी। उन्होंने रेजिडेंट डॉक्टरों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, ''इस सफलता ने कॉलेज का गौरव बढ़ाया है। इससे आने वाले छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित होंगे। कांफ्रेंस में एनेस्थीसिया क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, अनुसंधानों और अनुभवों को साझा किया गया, जिससे सभी प्रतिभागियों को लाभ हुआ। डॉक्टरों की इस उपलब्धि ने मेडिकल कॉलेज और एनेस्थीसिया विभाग के शिक्षकों व छात्रों के लिए एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है।

### भारतीय योग संस्थान के योग साधना केंद्र शहजादपुर में मनाया गया प्रथम स्थापना दिवस समारोह

अम्बेडकर नगर। भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में आज शहजादपुर स्थित मठिया माता मंदिर योग केंद्र पर योग केंद्र का प्रथम स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें 85 साधक और साधिकाओं ने प्रतिभाग करके योगाभ्यास किया। गत वर्ष 30 अक्टूबर 2023 को इस योग केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया था और तब से लगातार यहां पर बड़ी संख्या में नागरिक निःशुल्क योग का प्रशिक्षण प्राप्त करके रोगों से छुटकारा पाते हुये योग के माध्यम से जीवन जीने की कला सीख रहे हैं। इस केंद्र को सफलतापूर्वक चलाकर इस ऊंचाई तक पहूचाने में मुख्य रूप से केंद्र प्रमुख रानी अग्रहरि, उपकेंद्र प्रमुख रेखा गुप्ता, योग शिक्षक नीतू गुप्ता, संदीप लाल श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रधान, राजकुमार मोदनवाल केंद्र व्यवस्थापक, संतोष कुमार सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य और संतोष कुमार गौड़ क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य का विशेष सहयोग रहा है। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्थान के अन्य पदाधिकारी आशा राम वर्मा, डॉ सूर्य नाथ त्रिपाठी, आदित्य कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, रामसूरत यादव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, राम केदार वर्मा, चंदन उपाध्याय, नीरज यादव, मुकेश वर्मा, मंशा राम, राजेंद्र प्रसाद यादव, प्रेम नारायण मिश्रा, नीलम सोनकर, कृष्णावती, फूलमती, खुशी गुप्ता, स्मिता त्रिपाठी, मनोरमा चौरसिया आदि की विशेष भूमि रही। आज के कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वल और गायत्री मंत्रोच्चारण तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। पश्चात योगाभ्यास के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रहने की विद्या सिखाई गई। योग शिक्षकों और अधिकारियों का कहना था कि यदि हम नियमित रूप से सही विधि से प्रतिदिन योगाभ्यास करते हैं, तो हम अधिकतर रोगों से स्वतः बच सकते हैं और आने वाले लोगों को दूर भी कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंतिम चरण में नन्हे साधक साधिकाओं द्वारा सुंदर भजन, योग गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अन्तिम चरण में जिला प्रधान आशा राम वर्मा और जिला संगठन मंत्री डॉ सूर्यनाथ त्रिपाठी ने आशीर्वचनों के साथ-साथ केंद्र की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और सभी ने केंद्र प्रमुख रानी अग्रहरि के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। जिला प्रधान ने जन्म दिवस के अवसर पर संस्थान की 101 रोग और योग नामक पुस्तक भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सबका आशीर्वाद लेने के बाद केंद्र प्रमुख ने अपने जन्मदिन का केक काटा और सबका मुंह मीठा कराया। शान्ति पाठ और प्रसाद वितरण के साथ ही समारोह समाप्त हुआ।

### विधानसभा उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू

अंबेडकरनगर। विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के अंतर्गत 277 कटेहरी विधानसभा उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज दिनांक 28 अक्टूबर 2024 को मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, अकबरपुर में मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को सामान्य एवं ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा मतदान कार्मिकों को उनके कार्यों, दायित्वों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सभी लोग पूर्ण मनोयोग से अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें, निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं को माननीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु मतदान से पूर्व, मतदान के दौरान तथा मतदान के उपरांत की समस्त गतिविधियों एवं इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से भलीभांति अवगत हो लें। और सभी कार्मिक अपने कार्यों, दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी प्रमाण-पत्र) तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराए गए मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान कार्मिकों को सामान्य प्रशिक्षण यथा- वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्यों व दायित्व की विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही, बूथ व्यवस्था, वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीन के संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने वाली प्रक्रिया, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को ईवीएम का प्रशिक्षण यथा- वीवीपैट, बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल, स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में क्रमवार प्रशिक्षण दिया गया तथा मतदान कार्मिकों से प्रशिक्षण का फीडबैक लेकर प्राप्त त्रुटियों का तत्काल समाधान भी किया गया। इस अवसर पर मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के विषय में भी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी प्रशिक्षण आनंद कुमार शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए अपर नोडल अधिकारी प्रशिक्षण अनिल कुमार सिंह, एसडीएम टांडा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नीतीश के सेक्युलरिज्म पर हमले कर रहे नेता

# जदयू को बिहार की तीसरे नम्बर की पार्टी बनाना चाहती है भाजपा?



पटना, एजेंसी। तो क्या भारतीय जनता पार्टी फिर जनता दल यू को बिहार के तीसरे नंबर की पार्टी बनाना चाहती है? यह सवाल राजनीतिक जगत में इसलिए मौजू हो गए है कि जिस तरह से भाजपा के फायर ब्रांड नेता अपने बयानों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सेक्युलरिज्म की धज्जियां उड़ा रहे हैं, उससे तो यही संदेश निकल रहा है। जानिए कि वह कौन हार्ड कोर नेता हैं जिन पर नीतीश कुमार को होम्योपैथी इलाज शुरू हो गया है।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह बिहार के मुख्यमंत्री के निशाने पर आ गए हैं। वजह इनकी ओर से सीमांचल में हिंदू स्वाभिमान यात्रा का निकाला जाना बताया जा रहा है। इस यात्रा ने नीतीश कुमार के सेक्यूलर राजनीत पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। गिरिराज सिंह ने उद्देश्य को स्पष्ट भी कर दिया कि हिंदू समुदाय को एकजुट करना है। वह भी 'संगठित हिंदू - सुरक्षित हिंदू', के स्लोगन के साथ। हो यह रहा है कि गिरिराज सिंह को लेकर मुस्लिम राजनीत की संतुष्टीकरण करते नीतीश कुमार पर हमला बोलना राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने करना शुरू कर दिया। हालांकि गिरिराज सिंह हिंदुत्व की पटरी पर भाजपा की गाड़ी दौड़ाते रहे हैं। यह कोशिश अचानक से नहीं हुई है। प्रयास तो वह लगातार कर रहे थे। अपने बयानों के जरिए इस मुहिम को वह हवा देते रहे हैं। पर आगामी विधान सभा में कट्टर हिंदुत्व की धारा बहाई जाएगी इसका संकेत तो उन्होंने उसी दिन दे दिया जब दुर्गा पूजा के क्रम में जनता के हाथ अस्त्र थमाए जाने का खुल कर समर्थन किया। अररिया सांसद प्रदीप सिंह भी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निशाने पर आ गए हैं। दरअसल, 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' के दौरान बीजेपी सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा है कि अररिया में रहना है तो हिंदू बनना होगा।

विवाह के समय अपनी जात और परिवार खोज कर शादी करिए। हम तो कहते हैं कि अगर अररिया में रहना है तो हिंदू बनना होगा। जब बेटा-बेटी की शादी करनी हो तब जात-पात खोज लीजिए, लेकिन जब हिंदुओं की एकजुटता की बात हो तब पहले हिंदू बनिए, बाद में जाति को ढूंढिए। हालांकि नीतीश कुमार के होम्योपैथी इलाज का असर अररिया सांसद प्रदीप सिंह पर दिखने भी लगा। वह अपने बयान से मुकरने भी लगे हैं। उन्होंने कहा कि अररिया गंगा जमुना तहजीब वाली जगह है। यहां पर सभी लोग मिलजुल कर रहते हैं। मैं सभी लोगों का सांसद हूं, चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भाजपा के नेता गिरिराज सिंह, प्रदीप राय या फिर हरि भूषण ठाकुर बचौल, श्रम मंत्री संतोष सिंह जैसे नेताओं के कट्टर हिंदू वादी विचार से नाराजगी के कारण हैं। उन्हें लगता है कि इस तरह हिन्दूवादी विचार धारा से सीमांचल समेत भागलपुर, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा अगर प्रभावित हुआ तो मुस्लिम मत एक तरफ वोट कर एनडीए को तो नुकसान पहुंचायेंगे ही, अकेले जदयू को भी कम नुकसान नहीं होगा।

जदयू सूत्रों के हिसाब से अररिया जिले के रानीगंज विधान सभा से जदयू के अचमित ऋषिदेव ने राजद के अविनाश मंगलम, पूर्णिया जिले से रूपौली विधान सभा से जदयू की बीमा भारती ने लोजपा के शंकर सिंह, धमदाहा विधान सभा से जदयू की लेशी सिंह ने राजद के दिलीप यादव, कटिहार जिले में बरारी विधान सभा से जदयू के विजय सिंह ने राजद के नीरज सिंह को परास्त किया था। गिरिराज सिंह ने भागलपुर से यात्रा शुरू की थी। वहां गोपालगंज विधान सभा से नरेंद्र कुमार नीरज ने राजद के शैलेश कुमार को और सुल्तानगंज विधान सभा से ललित मंडल ने कांग्रेस के ललन सिंह को परास्त किया था। अब सीमांचल से सटे सुपौल जिले के निर्मली विधान सभा से जदयू के अनिरुद्ध प्रसाद ने राजद के यदुवंश यादव, पिपरा से जदयू के रामविलास कामत ने राजद के विश्व मोहन कुमार को, सुपौल से जदयू के विजेंद्र यादव ने कांग्रेस के मिन्नतुलाह रहमान को और त्रिवेणीगंज से जेडीयू की वीणा साही ने राजद के संतोष सुमन को परास्त किया था।

## राजनीति › सपा को ट्रांसफर नहीं होता है दूसरी पार्टियों का वोट, सपा का होता है ट्रांसफर

# गठबंधन से हर बार अखिलेश को ही नुकसान

**खरी कसौटी ब्यूरो**

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में होने वाले विधानसभा और यूपी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी अकेले दम पर ताल ठोक रही है। अखिलेश यादव यूपी की सभी 9 विधानसभा सीट पर सपा के सिंबल पर उम्मीदवार उतारेंगे। हालांकि इस एलान के बाद भी अखिलेश ने कांग्रेस के साथ होने का दावा किया है।

उधर कांग्रेस ने भी उपचुनाव में सपा कैंडिडेट को समर्थन देने की बात कही है। लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यूपी उपचुनाव में अकेले सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने के फैसले को अखिलेश यादव की नई रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। उनका कहना है कि अखिलेश यादव का किसी भी दल से गठबंधन करना हमेशा घाटे का सौदा रहा है, क्योंकि दूसरे दल का वोट सपा में ट्रांसफर नहीं होता है। दरअसल लोकसभा चुनाव के बाद अब समाजवादी पार्टी की नजर 2027 विधानसभा चुनाव पर है। 9 सीट पर होने वाले उपचुनाव को सेमीफइनल माना जा रहा है। अखिलेश यादव 2024 के परफॉर्मेंस को उपचुनाव में भी बरकरार रखना चाहते हैं। अगर सपा उपचुनाव में क्लीनस्वीप करती है तो बीजेपी के लिए यूपी में जीत की हैट्रिक लगाना मुश्किल हो जाएगा। यही वजह है कि अखिलेश यादव ने उपचुनाव में पूरी ताकत झोंक दी है। हालांकि इस उपचुनाव में सपा ने कांग्रेस से सीट से समझौता ना करके बड़ा मैसेज दे दिया है। अगर उपचुनाव में नतीजे सपा के पक्ष में आए तो सपा को 2027 में किसी की बैसाखी की जरूरत नहीं पड़ने वाली है। सपा सिर्फ यूपी में ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों में भी सीट ना मिलने पर अकेले दम पर ही ताल ठोंक रही है।

वहीं वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बहादुर सिंह का मानना है कि जब-जब अखिलेश यादव ने किसी दल के साथ गठबंधन किया है तो सपा का वोट दूसरी पार्टी को ट्रांसफर हो गया है, लेकिन दूसरी पार्टी का वोट सपा उम्मीदवार को नहीं मिला है। यही वजह है कि अब तक चुनाव से पहले सपा ने राजनीतिक दलों से गठबंधन किया और चुनाव के बाद उनसे दूरियां बना ली है। वरिष्ठ पत्रकार ने बताया कि 2019 लोकसभा चुनाव में सालों बाद मुलायम और मायावती एक साथ आए थे। लेकिन यह गठबंधन भी एक तरह से सपा के लिए घाटे का सौदा रहा था। उस चुनाव में समाजवादी पार्टी का वोट बसपा में ट्रांसफर हो गया था। लेकिन बसपा का वोट सपा




के पक्ष में नहीं मिल पाया था। यही वजह रही कि बहुजन समाज पार्टी शून्य से 10 सीट पर पहुंच गई और सपा 5 सीट पर ही सीमित रह गई थी। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने 2017 विधानसभा चुनाव में सबसे पहले कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था। यूपी के दो लड़कों (राहुल, अखिलेश) की जोड़ी ने विधानसभा चुनाव में खूब माहौल बनाया लेकिन ये माहौल नतीजों में तब्दील नहीं हो पाया। जिसके चलते कुछ समय बाद गठबंधन टूट गया। उसके बाद 2019 लोकसभा चुनाव में बुआ और भतीजे साथ आए, लेकिन ये गठबंधन भी फुस्स साबित हो गया। फिर 2022 विधानसभा चुनाव में योगी सरकार से बगावत करके सुभासपा मुखिया ओपी राजभर अखिलेश यादव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो गए थे। राजभर ने सीएम योगी को भला-बुरा बोला लेकिन योगी के बुल्डोजर के आगे अखिलेश-राजभर-जयंत की तिगड़ी की धराशाही हो गए। सपा ने कांग्रेस, बसपा, आरएलडी, सुभासपा, महान दल, अपना दल कमेरवादी, जनवादी पार्टी, निषाद पार्टी समेत अन्य राजनीतिक दलों के साथ समय-समय पर गठबंधन किया है। इसमें से कांग्रेस और अपना दल कमेरवादी पार्टी समेत कुछ दल को छोड़कर बाकी सभी दल अखिलेश यादव का साथ छोड़ कर जा चुके हैं।

# आदित्य के खिलाफ मिलिंद देवड़ा को खड़ा करना शिंदे का मास्टर स्ट्रोक?

मुंबई , एजेंसी। मुंबई में शिंदे बनाम उद्धव सेना की लड़ाई दिलचस्प हो गई है। उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे को घेरने के लिए शिंदे ने मिलिंद देवड़ा को मैदान में उतारा है। मनसे के संदीप देशपांडे पहले से चुनौती दे रहे हैं। ऐसे में, आदित्य वर्ली की त्रिकोणीय लड़ाई में फंस गए हैं। इसी तरह, शिंदे सेना ने दिंडोशी में उद्धव के खास और लगातार दो बार से विधायक सुनील प्रभु को घेरने के लिए पूर्व सांसद संजय निरुपम पर दांव खेला है। इससे यहां भी लड़ाई काफी दिलचस्प मानी जा रही है। अंधेरी-पूर्व में ऋतुजा लटके से सीट छीनने की उम्मीद से शिंदे ने पूर्व नगरसेवक मुरजी पटेल को मैदान में उतारा है। मुरजी के कई दिन से शिंदे सेना में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं। चेंबूर सीट से तुकाराम काते को मैदान में उतार कर शिंदे ने उद्धव गुट के विधायक प्रकाश फातर्पेकर की राह मुश्किल कर दी है। राज्यसभा सदस्य और पूर्व कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा का आदित्य ठाकरे के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरना मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है। आदित्य के लिए विधानसभा चुनाव राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके नतीजे उनके राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। 2004 में, जब देवड़ा मुंबई दक्षिण से लोकसभा के लिए चुने गए थे। तब वे सबसे कम उम्र के सांसद थे। महा विकास अघाड़ी के गठन के बाद शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के बीच सहमति के अनुसार, मुंबई दक्षिण सीट शिवसेना (यूबीटी) को आवंटित की गई थी। उद्धव ठाकरे ने यह कहते हुए इसे खारिज कर दिया कि सीट पर दावा छोड़ना गलत होगा। सावंत मुंबई दक्षिण से फिर से चुने गए और देवड़ा नए राजनीतिक कार्यभार के लिए अवसर की प्रतीक्षा कर रहे थे। कांग्रेस में ऐसी कोई संभावना न होने पर, वे शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। शिंदे ने उन्हें राज्यसभा में नामांकन की पेशकश की।

# भारत ने श्रीलंका को दिए धार्मिक स्थलों के लिए सोलर रूफटॉप सिस्टम



कोलंबो। भारत ने श्रीलंका को धार्मिक स्थलों के लिए सोलर रूफ्टॉप सिस्टम प्रदान किए हैं, जो पड़ोसी देश के साथ भारत की लगातार मजबूत होती 'पड़ोसी प्रथम' नीति और बढ़ते ऊर्जा सहयोग को दर्शाता है। भारत सरकार के 17 मिलियन डॉलर यानी करीब 143 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट के तहत श्रीलंका में विभिन्न धर्मों के धार्मिक स्थलों - होकनदारा स्थित बौद्ध मंदिर, श्री अंजनेयर मंदिर, सेंट एंथनी चर्च और मुतवल जुमा मस्जिद को सोलर पैनल सौंपे गए हैं। श्रीलंका में भारतीय उच्चायोग, सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (सीईबी) और श्रीलंका सतत ऊर्जा प्राधिकरण (एसएलएसईए) के अधिकारियों ने एक कार्यक्रम के दौरान धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों को सोलर पैनल सौंपे। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा, यह कार्यक्रम भारत द्वारा श्रीलंका में 5000 धार्मिक स्थलों पर सौर पीवी रूफ्टॉप सिस्टम स्थापित करने के उद्देश्य से दी गई 17 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता का हिस्सा है। इस परियोजना का उद्देश्य इन संस्थानों के लिए ऊर्जा लागत को कम करना है और साथ ही श्रीलंका के स्वच्छ ऊर्जा में परिवर्तन को बढ़ावा देना है। दूतावास ने कहा पांच हजार सौर रूफ्टॉप सिस्टम श्रीलंका के सभी नौ प्रांतों और 25 जिलों में स्थापित होंगे, जिसमें बौद्ध, हिंदू, ईसाई और इस्लाम से जुड़े प्रमुख धार्मिक स्थल शामिल होंगे। यह परियोजना अक्षय ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह परियोजना 25 मेगावाट सौर क्षमता का इजाफा करेगी, जिससे सालाना लगभग 37 मिलियन यूनिट बिजली पैदा होगी, जो श्रीलंका सरकार की 'लोगों पर केंद्रित एनर्जी ट्रांजिशन' नीति का समर्थन करती है। इस परियोजना के अगले साल की शुरुआत तक पूरा होने की उम्मीद है। बता दें कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की हाल की श्रीलंका यात्रा के दौरान, भारत ने अपनी 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत श्रीलंका की प्राथमिकता वाली द्विपक्षीय परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई थी। यह पहल इन प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा देती है।

(रिपोर्ट. शाश्वत तिवारी)

# ढाई साल के युद्ध से जेलेंस्की को समझ आ गई दुनियादारी!

कीव, एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक इंटरव्यू में रूस के साथ युद्ध को खत्म करने के अपने नए विचार और रणनीति के बारे में विस्तार से बताया। उनका साक्षात्कार ध्यान से पढ़ने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि युद्ध को समाप्त करने प्रति जेलेंस्की की सोच किस तरह विकसित हो रही है।


सबसे पहले, ऐसा लगता है कि उन्होंने स्वीकार कर लिया है कि भले ही उन्हें रूसी हमलों से बचाव के लिए अमेरिका और अपने पश्चिमी भागीदारों की आवश्यकता हो, लेकिन ग्लोबल साउथ के देशों के समर्थन के बिना युद्ध को समाप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने साक्षात्कार के दौरान इस बात का संकेत दिया जब उन्होंने स्वीकार किया कि रूस के खिलाफ प्रतिबंध पूरी तरह से काम नहीं कर रहे हैं। दूसरे शब्दों में, रूस कुछ देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार के माध्यम से प्रतिबंधों के प्रभाव से बचने में सक्षम रहा है। जेलेंस्की की नजर में समस्या यह है कि ये देश युद्ध को समाप्त करने की जरूरत तो बताते हैं, लेकिन अपने आर्थिक स्वार्थ के लिए रूस के साथ व्यापार को आगे भी बढ़ा रहे हैं। वे युद्ध पर कोई रुख अपनाने से बचने के लिए बातचीत की आवश्यकता का हवाला देते हैं। इसलिए, जेलेंस्की की रणनीति अब दोहरी जान पड़ती है। उनकी रणनीति है कि तटस्थ देशों को रूस का परोक्ष समर्थक करार दें और जो शांति लाने की बात करते हैं, उन पर इस दिशा में कदम उठाने का दबाव बनाएं। इस प्रक्रिया में, जेलेंस्की युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत के लिए मापदंड निर्धारित कर रहे हैं। इस तरह की बातचीत यूक्रेन के पीस फॉर्म्युले और पीस समिट की संयुक्त विज्ञप्ति से निकलनी चाहिए या उनका गंभीरता से अनुसरण किया जाना चाहिए। वार्ता फॉर्म्युले या विज्ञप्ति के विशिष्ट बिंदुओं पर भी हो सकती है, जैसे कि जबरन निर्वासित यूक्रेनी बच्चों की वापसी। इस तरह, जेलेंस्की को लगता है कि यूक्रेन बातचीत को अपने पक्ष में नियंत्रित कर सकता है। दूसरा, जेलेंस्की को अच्छे से पता है कि अभी शांति वार्ता में शामिल होना यूक्रेन के लिए फायदेमंद नहीं है। यूक्रेन कुर्स्क ऑपरेशन के बावजूद रूसी हमले को पूरी तरह से रोक नहीं पाया है। इसकी वजह यूक्रेन को अमेरिका से सैन्य आपूर्ति मिलने में देरी जबकि रूस के पास पहले से पड़े हथियारों का खजाना है।

रूस युद्ध के मैदान में लाशों की ढेर लगाने का जोखिम उठा सकता है, लेकिन यूक्रेन नहीं। इसलिए जैसा कि जेलेंस्की ने साक्षात्कार में कहा, यूक्रेन को अपनी जमीन देकर अपने लोगों को बचाना होगा। दूसरी तरफ, पुतिन, रूसी राजनीतिक व्यवस्था में अपनी स्थिति को देखते हुए जमीन के बदले यूक्रेन के लोगों छोड़ सकते हैं। यूक्रेन अगर रूस को अपनी जमीन दे दे तो युद्ध समाप्त करने का संभावित रास्ता तैयार हो सकता है। इस नुकसान से बचने के लिए जेलेंस्की के पास अब एक 'विजय योजना' है। वो चाहते हैं कि पश्चिमी देश यूक्रेन को नाटो की सदस्यता के साथ-साथ लंबी दूरी के हथियारों का पैकेज दे। जेलेंस्की को लगता है कि इन दोनों कदमों से रूस अपनी सैन्य रणनीति पर दोबारा विचार करने को मजबूर होगा। इससे यूक्रेन के लिए रूस की बराबरी करने में मदद मिलेगी क्योंकि अभी तक यूरोपीय देशों के बीच भी इस बात पर एकमत नहीं है।

# इजरायल ने गलत किया, भुगतेगा नतीजा: ईरान

तेहरान, एजेंसी। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के शीर्ष कमांडर ने इजरायल को हमलों का अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। इजरायल की ओर से शनिवार को ईरानी सैन्य स्थलों पर किए गए हवाई हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए आईआरजीसी चीफ प्रमुख हुसैन सलामी ने कहा कि यहूदी मुल्क ने बहुत गलत किया है और उसे इसके कड़े परिणाम भुगतने होंगे।

ईरान की तस्नीम समाचार एजेंसी के मुताबिक, हुसैन सलामी ने कहा कि इजरायल शनिवार को अपने हवाई हमलों के जरिए अपने 'नापाक इरादे' पूरे करने में नाकामयाब रहा है। ये इजरायल के हमारे बारे में लगाए गए अनुमान के गलत होने को दिखाता है। साथ ही इससे पता चलता है कि इजरायल कमजोर पड़ रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने भी इजरायली हमलों पर प्रतिक्रिया दी है, हालांकि उन्होंने बहुत आक्रामकता नहीं दिखाई है लेकिन हमले को इजरायल की गलती जरूर कहा। खामेनेई ने कहा है कि हमलों को कमतर नहीं आंका जाना चाहिए और बढ़ा-चढ़ा कर भी पेश नहीं किया जाना



चाहिए। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि उनकी आर्मी इस हमले का माकूल जवाब देगी। हालांकि उन्होंने ये भी कहा है कि ईरान शांति का पक्षधर है और क्षेत्र में जंग नहीं चाहता है। इजरायल की ओर से किए गए हमलों के बाद ईरान ने माना है कि इस अटैक में उसके चार सैनिक मारे गए हैं। इजरायल का कहना है कि उसने एक अक्टूबर के ईरानी हमलों के जवाब में शनिवार को ईरान में कई जगहों पर सैन्य स्थलों को निशाना बनाया है। इजरायल ने कहा कि उन्होंने ईरानी एयर डिफेंस और मिसाइल साइट को निशाना बनाया है। शनिवार तड़के इजरयल की ओर से हुए हमले के बाद अब दुनिया की इस बात पर नजर है कि ईरान का अगला कदम क्या होने जा रहा है। ईरान अगर पलटवार करता है तो उसके सामने एक पूर्ण युद्ध में जाने जोखिम होगा, ऐसे में देखना होगा कि वह क्या विकल्प चुनता है। ईरान पहले की तरह ही बैलिस्टिक मिसाइलों से जवाबी हमले कर सकता है लेकिन इसके बाद फिर इजरायल का हमला हो सकता है और ये लड़ाई का चक्र आगे बढ़ सकता है, जो पश्चिम एशिया को एक बड़े संघर्ष में धकेल सकता है।

ईरान के अधिकारियों ने कहा है कि उनके पास इजराइली हमले का जवाब देने का अधिकार है। हालांकि ईरानी सेना पहले ही कह चुकी है कि गाजा और लेबनान में सीजफायर किसी भी जवाबी हमले से महत्वपूर्ण है इजराइल ने ईरान पर हमले से पहले सीरिया में रडार ठिकानों पर इजराइल ने शुरुआती हमला किया था। इसके बाद ईरान में एयर डिफेंस सिस्टम और रडार पर हमला किया गया। इजराइल ने ईरान के 20 ठिकानों को निशाना बनाया था। इनमें मिसाइल फैक्ट्री और सैन्य अड्डे शामिल थे। ईरान की स्टेट न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक इजराइली हमले में कम से कम 4 ईरानी सैनिक मारे गए थे।

# सांसद पप्पू यादव को मिली जान से मारने की धमकी

पटना, एजेंसी। बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी मिली है। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताया है। धमकी देने वाले शख्स ने पप्पू यादव को सलमान खान मामले से अलग रहने की हिदायत भी दी है। उसने कॉल पर कहा, 'सलमान के मामले से दूर रहो, हम कर्म और कांड दोनों करते हैं।' धमकी देने वाले का दावा है कि 'लॉरेंस बिश्नोई जेल में एक लाख रुपए प्रतिघंटा देकर जैमर बंद करवाकर पप्पू यादव से बात करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन पप्पू यादव फोन नहीं उठा रहे हैं।

दरअसल, 12 अक्टूबर को मुंबई में पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या हुई थी, जिसकी जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी। इसके बाद पूर्णिया सांसद ने सोशल मीडिया पर 24 घंटे में लॉरेंस गैंग के खात्मे की बात कही थी। वहीं पिछले गुरुवार को पप्पू यादव ने मुंबई में बाबा सिद्दिकी के बेटे जिशान सिद्दीकी से मुलाकात की थी। वो व्यस्तता के कारण एक्टर सलमान खान से मिल नहीं पाए थे।

लेकिन सांसद ने अपने पोस्ट के जरिए कहा था कि वो हर परिस्थिति में सलमान खान के साथ हैं। मामले में पूर्णिया एसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा, 'सांसद को धमकी की जानकारी मिली है। हमलोग जांच कर रहे हैं। वो पहले से वाई सुरक्षा घेरे में हैं। फिलहाल, पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है। इससे पहले पप्पू यादव ने 21 अक्टूबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को लेटर लिखकर अपनी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की थी। उन्होंने लेटर के जरिए वाई श्रेणी की सुरक्षा हटाकर जेड सिक्योरिटी की मांग की थी। लेटर में पप्पू यादव ने लॉरेंस विश्नोई गैंग का जिक्र किया था। मुंबई में बाबा सिद्दिकी के बेटे से मुलाकात के बाद सांसद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया था- मुंबई से लौट रहा हूं, शहर से दूर शूटिंग में व्यस्त होने के कारण फिल्म अभिनेता सलमान खान से मुलाकात नहीं हो पाई। उन्हें भी आश्वस्त करना चाहता था मैं हूं ना।

उनसे फोन पर लंबी बात हुई, वह निडर निर्भीक हैं। अपना काम और इंसानियत को पहली प्राथमिकता बताया, हर परिस्थिति में मैं उनके साथ हूं। दो महीने पहले अगस्त में भी पप्पू यादव ने अपनी जान को खतरा बताया था। उन्होंने केंद्र सरकार से सुरक्षा की मांग की थी। उन्होंने गृह मंत्रालय से जेड सिक्योरिटी की मांगी थी। सांसद का कहना था कि नेपाल से धमकी भरे कॉल्स आ रहे हैं। कॉल्स पर खुलेआम जान से मारने की धमकी मिल रही है। 15 जुलाई को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे गए पत्र में सांसद पप्पू यादव ने खुद इन बातों का जिक्र किया था।

## वास्तु शास्त्र के अनुसार दिवाली से पहले घर की साफ-सफाई करने से दूर होती है नकारात्मकता

# घर की सजावट से जुड़े कुछ नियमों का पालन करने से बसेंगीं माता लक्ष्मी

दिवाली के कुछ दिन पहले लोग अपने घरों की साफ-सफाई करके पुराना समान हटाते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर से पुराना सामान हटाने से नकारात्मकता भी दूर होती है। वहीं, घर की साफ-सफाई करने के बाद दिवाली की विशेष सजावट करते समय आपको कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ घर की सजावट से जुड़े कुछ नियमों का पालन करने से माता लक्ष्मी घर में विराजती हैं। आइए, जानते हैं कि वास्तु शास्त्र के अनुसार आपको दिवाली की सजावट के किन नियमों का पालन करना चाहिए। दिवाली पर घरों के दरवाजों पर तोरण लगाया जाता है। आजकल मार्केट में कई तरह के रंग-बिरंगे कांच, प्लास्टिक के तोरण मिलते हैं लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार आपको दिवाली की सजावट में फूलों और आम के पत्तों वाला तोरण ही लगाना चाहिए। दिवाली की सजावट मेंव स्वास्तिक का भी बहुत महत्व है। वास्तु शास्त्र के अनुसार स्वास्तिक का चिह्न घर के मुख्य द्वार पर बनाने से घर में किसी तरह की नकारात्मकता नहीं आती और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। दिवाली पर हल्दी या कुमकुम से घर की मुख्य दिवार पर स्वास्तिक जरूर बनाएं।

दिवाली पर घर के अंदर तो हर कोई सजावट कर लेता है लेकिन बालकनी को हम अक्सर भूल जाते हैं इसलिए अगर आप वास्तु के नियम के अनुसार दिवाली की सजावट करना चाहते हैं, तो बालकनी पर लालटेन वाली या फिर कोई अन्य लाइटनिंग, लड़ियां जरूर जलाएं। इससे घर में सकारात्मकता बनी रहती है।

दिवाली पर शाम के समय लक्ष्मी जी और गणेश जी की पूजा होती है लेकिन दिवाली की सुबह आपको दिवाली की मंदिर की साफ-सफाई करके इसे जरूर सजाना चाहिए। इससे घर में सकरात्मकता बनी रहती है। दिवाली पर घर के मंदिर को फूलों से सजाना चाहिए। दिवाली पर रंगोली बहुत ही अच्छी लगती है। ज्यादातर लोग घर के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाते हैं लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के कोने में भी रंगोली जरूर बनाई जानी चाहिए। इसका कारण यह है कि घर का कोना एक ऐसी जगह है, जहां पर कम ही ध्यान दिया जाता है। ऐसे में रंगोली के रंग घर के कोने को भी सकारात्मकता से भर देते हैं। सप्ताह दीपावली महापर्व को समर्पित रहेगा। इस सप्ताह की शुरुआत ही भगवान विष्णु के प्रिय व्रत रंभा एकादशी तिथि से हो रही है। एकादशी के साथ इस सप्ताह धनतेरस, छोटी दिवाली, महाशिवरात्रि व्रत, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज आदि कई प्रमुख व्रत त्योहार भी किए जाएंगे। वहीं दिवाली के बाद शुक्ल पक्ष का अंत होगा और कृष्ण पक्ष का आरंभ होगा। व्रत त्योहार के साथ इस सप्ताह बुध का वृश्चिक राशि में गोचर होने वाला है। हिंदू पंचांग के आधार पर कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को रंभा एकादशी का व्रत किया जाता है। आज के दिन ही द्वादशी व्रत भी माना जाएगा। यही एकादशी व्रत विष्णु को बहुत प्रिय है। एकादशी व्रत करने से लक्ष्मी की विशेष प्राप्ति होती है, क्योंकि दिवाली के पूर्व की एकादशी मानी जाती है। रंभा एकादशी का व्रत करने के व्यक्ति के सभी पाप नष्ट होते हैं और बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है। हिंदू पंचांग के आधार पर कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस या धनत्रयोदशी का पर्व मनाया जाएगा। धनतेरस पर्व के साथ ही पांच दिन मनाए जाने वाले दीपावली पर्व की शुरुआत भी हो जाएगी। पौराणिक कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन से इसी तिथि को भगवान



धन्वंतरिजी का प्राकट्य भी हुआ था। संयोग से इसी तिथि को प्रदोष व्रत भी किया जाता है और भौम प्रदोष व्रत ऋण मुक्ति के लिए होता है। साथ ही इसी दिन कामेश्वरी जयंती भी मनाई जाएगी। हिंदू पंचांग के आधार पर कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी मनाई जाती है और इस तिथि को छोटी दिवाली के नाम से भी जाना जाता है।